

सूर्योदय प्रातः 5:46 सूर्यास्त संध्या 5:22 पखवाड़ा आश्विन शु. त्रयोदशी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 21°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024, वर्ष : 15, अंक : 243, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


# भटको मत हेमंत, मुद्दों पर अटको!

## 2019 के चुनाव से पहले किए गए 300+ वादों से भागो मत हेमंत, जिम्मेदारी निभाओ!

संक्षिप्त

### सरकार बनी, तो तीन और उपराजधानियां बनायेंगे : हेमंत सोरेन



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की बदलाव महारैली शनिवार को राजधानी के हरमू मैदान में हुई. भारी बारिश के बाद भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे थे. रैली में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने घोषणा की है कि राज्य में झामुमो की सरकार 2019 बनी तो एक राजधानी के साथ- साथ चार उपराजधानियां भी बनेंगी. दुमका पहले से ही है. इसके अलावा चाईबासा, पलामू और हजारीबाग को भी उपराजधानी बनाया जायेगा, हेमंत सोरेन ने और भी कई वायदे किये. श्री सोरेन ने कहा कि रघुवर सरकार में किसान आत्महत्या कर रहे हैं. मंत्री हो या अधिकारी सब घोटाले में लगे हुए हैं.

### झामुमो की घोषणाएं




- पलामू चाईबासा एवं हजारीबाग को उप राजधानी
- नौकरियों में स्थानीय लोगों को 75% का आरक्षण
- किसानों की कर्ज माफी, बेरोजगार युवकों को भता
- खेतीहर मजदूरों को स्वरोजगार के लिए 15 हजार का अनुदान
- महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 % आरक्षण.
- दो साल के अंदर पांच लाख युवाओं को नौकरी
- पांच वर्षो तक उपयोग में नहीं लाये गये अधिग्रचित भूमि रैयतों को वापस करेंगे
- आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं पारा शिक्षकों के लिए सेवा शर्तो एवं वेतनमान का निर्धारण
- पीएचडी तक लड़कियों को मुफ्त शिक्षा
- पिछड़े वर्ग को नौकरियों में 27% आरक्षण
- गरीब सवर्ण छात्रों को मुफ्त शिक्षा व छात्रवृत्ति
- सभी शहीदों के जन्म स्थान की पर्यटन स्थल के रूप में विकास

### कांग्रेस का वादा, परिवार में एक सदस्य को नौकरी



झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को घोषणा पत्र जारी किया। इसमें परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का वादा किया। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बताया है कि राज्य में अगर गठबंधन की सरकार बनी तो 6 माह के अंदर रिक्त पड़ी सरकारी नौकरियों को भरा जाएगा। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में यह भी वादा किया कि जब तक नौकरी नहीं मिलती है तब तक परिवार के एक सदस्य को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। बताते चलें कि कांग्रेस, झामुमो और राजद के साथ गठबंधन के तहत झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ रही है। इसमें झामुमो को 43, कांग्रेस को 31 और राजद को 7 सीटें मिली है।

### हेमंत सोरेन का दावा: खत्म करेंगे नक्सलवाद

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सूबे से नक्सलवाद को खत्म करने का एकमात्र उपाय सभी को रोजगार मुहैया कराना है. नक्सली घटनाओं पर बीजेपी के आरोप पर उन्होंने कहा कि बीजेपी को लोकतंत्र का सम्मान नहीं है, इसी कारण वह ऐसी बातें करती है. उन्होंने कहा कि सरकार बनी, तो सबके लिए काम करेंगे. संविधान दिवस पर महाराष्ट्र में बीजेपी ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाईं. पूर्व सीएम ने कहा कि आज राजधानी रांची की स्थिति यह है कि अपराध की घटनाओं से ये त्रस्त है. रांची को बीजेपी ने नर्क बना दिया.

## सरकार बनी तो एक साल में 5 लाख नौकरी



### शहीद निर्मल महतो शहादत दिवस पर बोले हेमंत सोरेन

झामुमो की सरकार बनी, तो एक साल में पांच लाख नौकरी देंगे और नहीं दे पाने पर राजनीति से संन्यास ले लेंगे. यह घोषणा विपक्ष झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो के 32वां शहादत दिवस पर आयोजित सभा को संचोधित करते हुए की. उन्होंने कहा कि सरकार बनी, तो 25 करोड़ रुपये तक लोगों को दी जायेगी. साथ ही प्राइवेट नौकरी में भी स्थानीय लोगों का 75 फीसदी आरक्षण तय करेंगे. हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार नहीं बल्कि संकट है. उन्होंने किसानों को तीन हजार व केंद्र सरकार से बैंक खाते में मिलने वाली राशि को खैरात करार दिया. का झारखंडी लोगों का जल, जंगल जमीन है, वे खैरात के मोहताज नहीं है. इस दिन के लिए सिद्दो-कान्हू से लेकर हजारों लोगों ने कुर्बानी नहीं दी.

**झामुमो के 'निश्चय पत्र' में हर वर्ग के लिए सुनहरे वादे**

- सरकार बनते ही पाँच लाख सरकारी नौकरियों की व्यवस्था।
- सरकारी नौकरी न मिलने पर स्नातक को 5,000 रुपये तथा स्नातकोत्तर को 7,000 रुपये प्रति माह भत्ता।
- निर्धन परिवार की नवविवाहिताओं को सोने का सिक्का उपहारस्वरूप।
- महिलाओं को आधार कार्ड पर बिना गारंटी 50,000 रुपये का ऋण।
- गरीब महिलाओं को 2000 रुपये प्रतिमाह चूल्हा खर्च।
- धान का खरीद मूल्य 2300 से 2700 रुपए प्रति क्विंटल।
- सभी गरीब परिवार को 72 हजार रुपए हर साल सुनिश्चित राशि।
- वृद्धापेंशन 2500 रुपए प्रति माह, 10 रुपए में धोती, साड़ी, लुंगी।
- जन वितरण दुकानों से गरीबों को चायपत्ती, सरसो तेल, साबुन, सब्जियां एवं दल।
- गरीब परिवारों को तीन कमरों के सुविधायुक्त आवास निर्माण के लिए तीन लाख रुपए।

## भूमि अधिकार कानून बना कर हर भूमिहीन को भूखंड

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो की ओर से मंगलवार को 20 पन्नों का निश्चय पत्र जारी किया गया. झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन से अनुमति लेकर पार्टी की ओर से निश्चय पत्र जारी किया गया. कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो का निश्चय पत्र आनेवाले समय में राज्य को नयी दिशा देगा. उन्होंने कहा कि भूमि अधिकार कानून बना कर सभी स्थानीय भूमिहीनों को भूखंड उपलब्ध कराया जायेगा. 25 करोड़ रुपये तक के सरकारी कार्यों की निविदा सिर्फ स्थानीय लोगों को दी जायेगी. स्थानीय रोजगार अधिकार कानून बना कर राज्य के निजी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित की जायेगी, स्थानीय व नियोजन नीति को बदल कर झारखंडियों के हितों के अनुरूप बनायी जायेगी. यह पूछे जाने पर क्या स्थानीय नीति का आधार 1932 का खतियान होगा? श्री सोरेन ने कहा कि यहां के लोगों की जनभावना के अनुरूप स्थानीय

**झामुमो के निश्चय पत्र की महत्वपूर्ण घोषणाएं**

नीति बनायी जायेगी.

आगे हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो सरकार बनने पर राज्य के सभी किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जायेगी और उनके कर्ज माफ किये जायेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाते हुए, हर पंचायत में एक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जायेगा। राज्य में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में नये विद्यालय और तकनीकी संस्थान खोले जायेंगे। इसके साथ ही, झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जायेंगी, ताकि झारखंडी अस्मिता और संस्कृति को सशक्त किया जा सके। राज्य की मौजूदा स्थानीय नीति झारखंडी विरोधी है.यह पूछे जाने पर कि भाजपा के लोग कह रहे हैं कि सरकार भाजपा की ही बनेगी, चाहे झामुमो का क्यों नहीं साथ लेना पड़े. श्री सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग यह भी कह रहे हैं कि हम हारें या जीतें सरकार हम ही बनायेंगे, भाजपा देश में नये नये राजनीतिक इतिहास रच रही है. इसे धब्बे के रूप में देखा व याद किया जायेगा. महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर लोकतंत्र की हत्या की गयी. उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की राजधानी आईना होती है. आज रांची में कोई ऐसा दिन नाहीं गुजर रहा है कि जब लूट, हत्या, दुष्कर्म या छेड़खानी की घटनाएं घट रही हैं. एक सवाल के जवाब में श्री सरिन ने कहा कि निश्चय पत्र के माध्यम से पार्टी ने अपनी सोच जाहिर की है. यह गठबंधन का निश्चय पत्र नहीं है. इसके लिए अलग से न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय किये जायेंगे. मौके पर पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हाजी हुसैन अंसारी, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, केंद्रीय महासचिव विनोद पड़िय, सुप्रियो भट्टाचार्य, अशोक मंडल समेत कई लोग मौजूद थे.

## झामुमो का चुनावी वादा - 75% नौकरियां झारखंडियों के लिए



झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए लुभावने वादे किए हैं। मोर्चा के घोषणापत्र को निश्चय पत्र का नाम दिया गया है। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने मंगलवार को इसे जारी करते हुए अपनी प्राथमिकताएं गिनाई इस मौके पर झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन भी मौजूद थे। झामुमो ने गरीबों को सालाना 72 हजार रुपये देने का वादा किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने स्थानीय लोगों के अधिकार पर ज्यादा फोकस किया है।

इसके अलावा महिलाओं के अधिकार, युवाओं के अधिकार, किसान एवं खेतिहर मजदूरों के अधिकार, गरीबों के अधिकार, जल, जंगल, जमीन, आदिवासी दलित कल्याण एवं वन संरक्षण आदि भी घोषणा पत्र के एजेंडे में शुमार है। रांची प्रेस क्लब में पत्रकारों से मुखातिब हेमंत सोरेन ने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो बेरोजगार अधिकार कानून बनाएंगे और राज्य के निजी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करेंगे।

इसके अलावा सरकारी टेंडर में 25 करोड़ तक के काम सिर्फ स्थानीय लोगों को दिए जाएंगे। भूमि अधिकार कानून बनाकर सभी स्थानीय भूमिहीनों को जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसी प्रकार सरकारी नौकरी में आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने का वादा भी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किया है। निश्चय पत्र के मुताबिक सरकारी नौकरी में झारखंड के पिछड़े समुदाय को 27 प्रतिशत, आदिवासियों को 28 प्रतिशत और दलितों को 12 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा झारखंड के स्थानीय संवर्ग वर्ग के गरीब छात्रों को निशुल्क शिक्षा और छात्रवृत्ति देने का वादा किया गया है।

**झारखंड आंदोलन के शहीदों के परिजनों को नौकरी**

झामुमो के घोषणापत्र में झारखंड आंदोलन के दौरान शहीद हुए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने व प्रतियोगी परीक्षा के बगैर उन्हें नौकरी देने के लिए कानून बनाने की बात कही गई है। लोहार, लोहरा, ब्रड़ाईक जैसी जातियां जो त्रुटि बस जाति विशेष की सुविधाओं से वंचित हैं उन्हें आवश्यक संशोधन कर लाभ दिलाया जाएगा।

**युवाओं के लिए कई घोषणाएं**

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने युवाओं के बड़े वोट बैंक को देखते हुए यह घोषणा की है कि सरकार गठन के दो साल के अंदर विभिन्न खाली पदों पर सरकारी पदों पर झारखंडी युवकों और युवतियों की नियुक्ति की जाएगी। नौकरी नहीं मिलने तक सभी बेरोजगार स्नातकों 5000 तथा स्नातकोत्तर को 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा हर पंचायत में झारखंड युवक-युवतियों को पंचायती राज योजना के निर्माण और कार्यक्रम से जोड़ते हुए नियमित आय के साथ रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

झारखंड लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सिर्फ 100 रुपये का परीक्षा शुल्क देय होगा। सभी जातियों के गरीब छात्रों को नियुक्ति हेतु होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। हर प्रखंड में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा खाली पड़े पदों को भरा जाएगा।

## राजद ने घोषणा पत्र में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का किया वादा

राजद ने अपने घोषणा पत्र में गरीबी मिटाने, बेरोजगारी खत्म करने और पिछड़ों को आरक्षण देने को प्राथमिकता दी है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने रविवार को घोषणापत्र जारी कर कहा कि अगर गठबंधन की सरकार आती है तो महिलाओं को हर स्तर पर 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। बालूघाटों की नीलामी का अधिकार पंचायत को दिया जाएगा। पुरानी पेंशन योजना दोबारा शुरू की जाएगी। जेपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षा नियमित करायी जाएगी। राजद ने अपने घोषणापत्र में मेधावी छात्रों को निःशुल्क उच्च शिक्षा का वादा किया है। कॉलेज छात्रों को लैपटॉप और टैब दिया जाएगा। राज्य मेंबंद पड़े स्कूलों को खोला जाएगा। साथ ही पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को स्थायी किया जाएगा। सभी जिलों मेंनारी उत्थान केंद्र और वृद्धाश्रम की की व्यवस्था होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्गऔर अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक-आर्थिक स्तर को बढ़ाया जाएगा।

**किसानों के लिए**

घोषणापत्र में बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाकर भूमिहीनों को देनेका वादा किया गया है। कृषि आधारित उद्योग को बढ़ावा देने, ग्रामीण रोजगार गारंटी का क्रियान्वयन करने, काम के बदले अनाज योजना लागू करने और 10 हजार रुपए तक के कृषि ऋण को माफ करनेका वादा है।



## कांग्रेस ने किया कर्जमाफी का एलान

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने घोषणापत्र जारी किया. +घोषणापत्र में पार्टी ने खेती के लिए गए 2 लाख रुपये तक के लोन को माफ़ करने का वादा किया है. ख़ास बात ये है कि इसमें पत्थलगढ़ी में शामिल लोगों पर लगे मुक़दमे हटाने की बात कही गई है. CNT, SPT एक्ट समेत स्कूलों की ख़स्ता हालत पर ज़ोर देते हुए शिक्षा को लेकर बेहतर सुविधाएं देने का वादा किया गया है. पार्टी ने झारखंड की सभी जेल में बंद 6 महीने से सजा काट रहे (अधिकतम 7 वर्ष तक की) क़ैदियों को तुरंत ज़मानत पर रिहा करने का वादा भी किया है. यह भी वादा किया गया है कि झारखंड सरकार की तरफ़ से पिछले कुछ वर्षों में जिन ज़मीनों का अधिग्रहण किया गया है और जिसपर अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है उसे फिर से उनके मालिकों को वापस कर दी जाएगी. पार्टी ने कहा है कि छात्रों को छात्रवृत्ति सम्बंधित सभी बकाया राशि को तत्काल मंजूरी दी जाएगी. रांची,जमशेदपुर और धनबाद में मेट्रो लाइफ लोकल बनाया जाएगा.

## झामूमो की सरकार बनी तो नियोजन नीति सुधारेंगेः हेमंत

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा है कि इस बार राज्य में यूपीए गठबंधन की सरकार बनेगी. भाजपा की स्थिति दयनीय है. भाजपा गुजराज, महाराष्ट्र व अन्य पड़ोसी राज्यों से लोगों को बुला कर प्रचार करा रही है. इससे उसकी स्थिति समझी जा सकती है. उब उसके प्रत्याशियों को झंडा ढोनेवाले भी नहीं मिल रहे हैं. श्री सोरेन ने कहा कि राज्य के मुखिया रघुवर दास मदमस्त हाथी की तरह हैं. उन्होंने झारखंड को जनता के पैरों तले कुचलने का काम किया है. कहा कि इस मदमस्त हाथी के पैरों को जंजीर में जकड़ कर छत्तीसगढ़ के जंगल में फेंक देने की जरूरत है. इस अवसर पर हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का निर्माण झामुमो व दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष के कारण हो सका है। मगर अभी भी जनता के सपने अधूरे रहे गए हैं। जिसे हमारी सरकार पूरा करेगी। झामुमो की सरकार बनेगी तो राज्य से बेरोजगार युवक-युवतियों, मजदूरों का पलायन रोक दिया जाएगा। झारखंड में ही रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर फेल है तथा सिर्फ बैनर पोस्टर से अपना चेहरा चमकाने में लगी है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां पीएम मंडल डैम का शिलान्यास कर रहें हैं दूसरी ओर सांसद शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा का अनावरण कर रहें हैं। मगर इन्हें यह पता नहीं कि शहीदों के गांव के लोग मंडल डैम के कारण विस्थापित हो जाएंगे। झारखंड के लोगों को दुख देकर वर्तमान सरकार बिहार को पानी देने के लिए लालायित है। यह होने नहीं दिया जाएगा।इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि स्थानीय नीति के नाम पर राज्य को दो हिस्से में बांट दिया गया है। इससे गढ़वा समेत अन्य जिलों के बेरोजगार युवक युवतियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया है। इससे युवाओं में काफी आक्रोश है। वर्तमान सरकार आम लोगों के हित में नहीं बल्कि अपने हित में काम कर रही है।

## गरीब परिवार को सालाना 72 हजार रुपये



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने मंगलवार को जारी अपने निश्चय पत्र (घोषणा पत्र) में स्थानीय नीति बदलने की बात कही है. राज्य की नौकरियों में स्थानीय को 75 फीसदी आरक्षण और महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया गया है. निश्चय पत्र में समाज के हर वर्ग के लिए पार्टी ने घोषणा की है. इसमें किसानों की कर्ज माफी से लेकर लड़कियों व गरीब सवर्णों छात्रों को मुफ्त शिक्षा देने की बात कही गयी है. झामुमो ने हर गरीब परिवार को 72 हजार रुपये सालाना देने का वादा किया है.

**क्या-क्या है निश्चय पत्र में**

- स्थानीय नीति और नियोजन नीति बदलेंगे, स्थानीय को झारखंड में 75 प्रतिशत आरक्षण देंगे, 25 करोड़ तक की निविदा स्थानीय को
- किसानों का कर्ज होगा माफ, खेतिहर मजदूरों को स्वरोजगार के लिए 15000 का अनुदान
- सरकार बनने के बाद पांच लाख झारखंडी युवाओं को मिलेगी नौकरी, पिछड़ों को नौकरी में 27% आरक्षण
- प्राथमिक से पीएचडी तक लड़कियों को मुफ्त शिक्षा, महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50% आरक्षण
- 100 यूनिट तक बिजली खपत मुफ्त 10 रुपये में धोती, साड़ी व लुंगी
- शहीदों के जन्मस्थली होंगे विकसित, झारखंड आंदोलनकारियों के लिए लागू होगी पेंशन योजना
- हर गरीब परिवार को 72 हजार तक हर साल सुनिश्चित राशि, गरीब सवर्ण छात्रों को मुफ्त शिक्षा
- जन वितरण दुकान में चाय पत्ती, सरसों तेल, साबुन, सब्जी मिलेगा


ADVT

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

## एक झलक

### विद्यासागर पब्लिक स्कूल में मनी अब्दुल कलाम आजाद की जयन्ती



**बेड़ो :** विद्यासागर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को डा एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर विश्व छात्र दिवस मनाते हुए स्कूल के बच्चों ने उनको याद किया ।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने जमीन पर घास और पेंसिल के सहयोग से एपीजे अब्दुल कलाम की आउटलाइन स्केच बनाई तथा मिसाइल मैन की जीवनी के बारे में संभाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें बच्चों ने उनके विचार एवं आदर्श को याद किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने कहा कि उनका जीवन छात्रों के लिए सदा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सहयोग किया।

### पीयूष चौधरी ग्रामीणों से मिल कर सामाजिक एवं राजनीतिक विचारों का किया आदान-प्रदान



**गोला (रामगढ़) :** सोमवार देर शाम संग्रामपुर पंचायत के बेदिया जारा गाँव में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के पुत्र सह समाजसेवी पीयूष चौधरी ने ग्रामीण से मिलाकत कर क्षेत्र की विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक बातों पर चर्चा कर विचारों का आदान प्रदान किया। ?सभी ग्रामीणो ने एक स्वर में कहा कि आने विधानसभा चुनाव में वे लोग आजसू पार्टी के साथ खड़े हैं और रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी को पुनः विधानसभा भेजने का काम करेंगे। वहीं सभा को संचालन युवा आजसू के युवा नेता लखी बेदिया ने किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि रणधीर बसेरिया, आजसू अनुसूचित जाति महासभा प्रखंड अध्यक्ष विशु रजवार, युवा नेता महेंद्र महतो, बजरंग बेदिया, बाबुराम कुमार, सोमय बेदिया, संदीप बेदिया, संतोष कुमार, रविन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

### 108 एम्बुलेंस की हड़ताल से बाइक व ऑटो से पहुंच रहे मरीज सीएचसी

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में एंबुलेंस चालकों और टैक्नीशियन की हड़ताल के कारण मरीज व स्वजन परेशान हैं। सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं और जच्चा बच्चा को उठानी पड़ी है। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वजन अपने मरीजों को अपने बाइक व स्कूटी वाहनों या किराये के ऑटो या अन्य वाहनों से लेकर पहुंच रहे हैं। एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल से मरीजों को घरों से लाने और ले जाने की पूरी व्यवस्था पटरी से उतर गई है। बीते पांच दिनों से अपनी मांगों को लेकर एंबुलेंस चालक पूर्णतया हड़ताल पर रहे हैं। ऐसे में मरीजों और स्वजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर में एंबुलेंस की हड़ताल के चलते सीएचसी में प्रखंड के बोदा के अनिल ने बताया कि गाय के द्वारा उसके चाची को पैर में चोट लगने के कारण उन्हें ऑटो से बेड़ो अस्पताल लेकर आये हैं ।वहीं जमनी पंडरा के अजय बाइक से अपने दोस्त लेकर आये है और बेड़ो के लक्ष्मण अपनी बहन को स्कूटी से लेकर सीएचसी पहुंचे।

### तरुण संघ काली पूजा समिति की बैठक सम्पन्न

**मुरी :** तरुण संघ काली पूजा समिति की बैठक रंगलाल प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को क्लब न.17 के प्रांगण में किया गया। बैठक का संचालन जितेश सिंह ने किया। इस बैठक में 2023 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया साथ ही पुनः कमिटी का गठन कर सर्वसम्मति से शांति पूर्ण तरीके से काली पूजा को मनाने को लेकर चचाएं की गई। कमिटी का गठन में अध्यक्ष अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष राजा पांडे एवं राजेश कुमार सचिव सोनु सिंह, उपसचिव सोनु प्रसाद, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र महतो, उपकोषाध्यक्ष रोशन पासवान एवं मंगल महतो संगठन सचिव कमल विश्वास एवं दीनु चौधरी संरक्षक हेमंत पाल को चुना गया। इस बैठक में काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

---

### विधानसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिले के उपायुक्तों के साथ की बैठक

# निर्वाचन के दौरान 04 एम पर रखें विशेष ध्यान : के. रवि

- 04 एम : मनी पावर, मसल पावर, मिस इनफॉर्मेशन एवं एमसीसी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अनुपालन कर सभी प्रत्याशियों के लिए समान अवसर प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 04 एम (मनी पावर, मसल पावर, मिस इनफॉर्मेशन एवं एमसीसी) पर विशेष ध्यान देने का निर्देश है। पीवीटीजी, वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं पर विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करनी है। श्री कुमार आज विधानसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के उपयुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करा लें। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि वहां बिजली एवं लाइटिंग की व्यवस्था हो। स्वीप कैलेंडर तैयार कर मतदाताओं के बीच नैतिक मतदान के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले सभी मतदान केन्द्रों के कारणों की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण के उपायों पर कार्य करें। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने हेतु विशेष अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर प्रीजाइडिंग ऑफिसर के साथ 4 पोलिंग ऑफिसर की नियुक्ति की जानी है। इस हेतु पहले से पदाधिकारियों को चिह्नित करते हुए उनकी सूची तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि इस बार के निर्वाचन में मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से वोटर टर्नआउट मैनेजमेंट सिस्टम की ट्रेनिंग सभी पदाधिकारियों को दी गयी है, जिसका अनुपालन करते हुए सुगमता के साथ मतदान सम्पन्न कराना है। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले 72 घंटे के अंदर क्या करना है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने पदाधिकारियों को विज्ञापन, सरकारी संसाधनों के उपयोग, निर्वाचन व्यय, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, सर्विलांस टीम आदि के अनुपालन से सम्बन्धित जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त उपस्थित थे।

---

# लापुंग में सड़क दुर्घटना में पत्नी की मौत, दो बच्चे समेत पति घायल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के लालगंज भंगी नदी पर बाइक का संतुलन खोने से बाइक सवार महिला की पुलिया के निचे नदी में गीरने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसके दो बच्चे व पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक पुष्पा मुंडाइन (27) पति सुरेश मुंडा गांव लालगंज गाड़ी का का रहने वाला है । सभी एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर लापुंग से लालगंज की ओर जा रहें थे। इसी दौरान भंगी नदी के समीप घटना घटी। घायल सुरेश मुंडा चालक के सिर पर चोट लगी है जबकि, बेटा अनित मुंडा (09)वर्ष का बाया पैर टूट गया, अवित मुंडा (05) वर्ष का सिर में गंभीर चोर लगी है नाक वो मुंह से खून निकल रहा था। एंबुलेंस कर्मियों के हड़ताल के कारण एंबुलेंस नहीं मिलने से गंभीर अवस्था के देखते हुए दोनों बच्चों को निजी वाहन से बिना ऑक्सीजन वाली कार से रिम्स बेहतर इलाज के लिए भेजा गया। घटना की जानकारी मिलते ही लापुंग थाना के एसआई राजेंद्र कुमार महतो ने सदल बल पहुंच कर शव को समाजसेवी अभिमन्यु सिंह जातालोया और चौकीदार के सहयोग नदी के पानी से बाहर निकला। व घायल को सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लापुंग लाया गया। जहां डा नमिता लकड़ा व डा सुबोध सिंह ने प्राथमिक उपचार के उपरांत दोनों बच्चों को रिम्स रेफर किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी परिवार गाड़ी गांव से रांची की ओर जा रहा था। लेकिन किसी किसी कारण से वे लोग अचानक लापुंग से अपने घर गाड़ी गांव की ओर लौट गए तभी उनका पल्सर मोटर साइकिल भंगी नदी के पास संतुलन बिगड़ जाने के कारण यह घटना घटी ।

---

### श्री अग्रसेन स्कूल में मना हैंडवाश डे, बच्चों ने जाना स्वच्छता का महत्व

# रोगाणुओं को रोकने का प्रभावी तरीका है हैंडवाश : विवेक प्रधान



`फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल में मंगलवार को ग्लोबल हैंडवाश डे मनाया गया। इस अवसर पर जागरूकता से संबंधित कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रातःकालीन सभा में बच्चों को हैंडवाश एवं व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व बताते हुए स्वच्छता को आदत में शुमार करने के लिए प्रेरित किया गया। हैंडवाश दिवस के इस वर्ष के थीम स्वच्छ हाथ अभी भी क्यों महत्वपूर्ण है पर चर्चा की गई। बच्चों ने पेंटिंग, संवाद, भाषण के माध्यम से हैंडवाश के महत्व को सामने रखा। हैंडवाश के अलावा बच्चों को शारीरिक स्वच्छ्ता का भी महत्व बताते हुए कहा गया कि अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता से आप स्वस्थ रह सकते हैं और दूसरों को बीमार होने से भी बचा सकते हैं। व्यक्तिगत स्वच्छ्ता में नियमित स्नान, शरीर की साफ-सफाई का ध्यान रखना, स्वच्छ कपड़े पहनना, हाथ-मुंह धोना, समय पर नाखून-बाल काटना और दांतों की सफाई शामिल है। सभी ने स्वच्छ्ता का संकल्प भी लिया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि हाथ धोने से कई तरह के इंफेक्शन से बचा जा सकता है। साबुन और पानी से हाथ धोना रोगाणुओं के प्रसार को रोकने और स्वस्थ रहने के सबसे सरल और प्रभावी तरीकों में से एक है। हाथ साफ रखने से डायरिया संबंधी बीमारियों और श्वसन संक्रमण जैसी बीमारियों से सुरक्षित रहा जा सकता है। कोविड महामारी ने हमें प्रभावी ढंग से हाथ धोने के महत्व का एहसास कराया। आयोजन को सफल बनाने में दीपिका तिवारी, बसंत कुमार, दिव्या कुमारी, सोनम खातून, प्रीति कुमारी, रीता राय, मम्पी पॉल का योगदान रहा। इस दौरान हाथ धोने का सही तरीका बताया गया। हाथ धोने में हथेलियां, हाथों के पीछे का हिस्सा, अंगुलियों के बीच का हिस्सा, अंगुलियों के पीछे का हिस्सा, अंगूठे, अंगुलियों के सिरे व कलाई को धोना शामिल है। हाथ रगड़ने की पूरी प्रक्रिया कम से कम 20 सेकंड की होनी चाहिए। खाने से पहले, टॉयलेट का उपयोग करने के बाद, खांसने या छींकने के बाद, बाहर से आने के बाद यह हैंडवाश अत्यंत आवश्यक है। हाथ धोने से हैजा, डायरिया, कुपोषण, पेट में कीड़े, निमोनिया और कोविड जैसी कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

---

# पीवीयूएनएल में उत्साह से मनाया गया 10वां रेसिंग डे



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**पतरातू :** पीवीयूएनएल ने 10वां रेसिंग डे को बड़े उत्साह के साथ एवं गर्व के साथ एक समारोह के द्वारा मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह के भाषण से हुई। आरके सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए संयंत्र के महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया और कर्मचारियों को भविष्य में अधिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जिसने उत्सव की धारा को निर्धारित किया। सीईओ के संबोधन के बाद, कंपनी की सफलता के एक और वर्ष का जश्न मनाने के लिए केक काटा गया। अपने संबोधन में, सीईओ ने सभी कर्मचारियों के प्रति अपनी आभार व्यक्त किया जिन्होंने संगठन की वृद्धि और सफलता के लिए निरंतर मेहनत की। इसके अलावा, इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए विशेष रूप से असक्षम व्यक्तियों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया और वृक्षारोपण किया गया। इसके बाद पीवीयुएनएल के सीईओ आरके सिंह, सभी विभागों के प्रमुखों, स्वर्णरेखा महिला समिति, और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों द्वारा गुब्बारों को आसमान में उड़ाया गया और इस जश्न का प्रतीकात्मक रूप से मनाया , जो पीवीयुएनएल की ऊँची आकांक्षाओं और उज्ज्वल भविष्य को दशार्ता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुख, जीएम, नेयप प्रतिनिधि, कर्मचारी, संविदा श्रमिक और अन्य स्टाफ शामिल हुए।

---

# दुलमी प्रखंड के नये बीडीओ का किया गया स्वागत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड में नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा को पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में सभी बीस सूत्री सदस्यों ने मिलकर बीडीओ को पौधा भेंट किया। सुधीर मंगलेश ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि नये बीडीओ के नेतृत्व में प्रखंड में विकास की गति तेज होगी और सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि प्रखंड के सभी अधिकारी और कर्मचारी मिलकर टीम भावना से कार्य करेंगे और प्रखंड को उन्नति की ओर अग्रसर करेंगे। मौके पर नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी अपने संबोधन में सभी को धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि प्रखंड के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर प्रखंड के विकास के प्रति अपना संकल्प दोहराया और नवनियुक्त बीडीओ को सहयोग देने का वादा किया। मौके पर बीस सूत्री सदस्य दिलीप शर्मा, प्रकाश करमाली, मदन नायक, सतबिलास करमाली, प्रमानद सिंह अल्ताफ अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

---

# नौ करोड़ साठ लाख रुपये से बननेवाली उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**तमाड़ :** स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा द्वारा कांची नदी में बादला पोड़लाही में नौ करोड़ साठ लाख रुपये से बननेवाली उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास मंगलवार को नारियल फोड़ कर किया। उच्च स्तरीय पुल का निर्माण ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत किया जाएगा। पुल की कुल लंबाई 213 मीटर है। 11 स्पेन का पुल बनाया जाएगा। बुंडू प्रखंड के सूटीलौंग एवं तमाड प्रखंड के बादला टोला पोड़लाही के बीच कांची नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का कार्य होगा। पुल के बन जाने से तमाड प्रखंड बुंडू एवं सोनाहातु प्रखंड से जुड़ जायेगा। जिससे ग्रामीणों को बुंडू एवं सोनाहातु प्रखंड आने जाने में काफी समय की बचत होगी। पुल का शिलान्यास होने से ग्रामीण काफी खुश है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत ढोल नगाड़ों से किया। इस मौके पर एक सभा का भी आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा यहां की चिर परिचित मांग को मैंने पूरा कर दिया है। अब आप लोग इस काम को अपने स्तर से देखकर ठीक ढंग से पुल का निर्माण कार्य को पुरा कराये। जिससे पुलिया निर्माण में कहीं पर कोई त्रुटि न रह जाए। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो,मनोज मंडल, मोनू जायसवाल, उमेश महतो समेत विभाग के कनीय अभियंता सहायक अभियंता ग्रामीण महिलाऐ पुरूष उपस्थित थे।

---

# पूर्व मुखिया साजर तिर्की का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड के करांजी पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष खत्री खटंगा गांव निवासी 44 वर्षीय साजर तिर्की का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार की सुबह नौ बजे अपने आवास में आकस्मिक निधन हो गया। पूर्व मुखिया के निधन की खबर सुनते ही पूरे प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक पूर्व मुखिया के छोटे भाई आशीष तिर्की ने बताया कि उनका आकस्मिक निधन किडनी की बीमारी के कारण हुई है। उनका इलाज दिल्ली,मेरठ व रांची के देवकमल हॉस्पिटल से चल रहा था। जहां रविवार को डायलिसिस करा कर लाए थे और बुधवार को फिर ले जाना था। वे अपने पीछे मां धर्मनिया तिर्की,पत्नी रीता तिर्की, बेटा ब्लेश तिर्की, बड़े भाई चाजरस तिर्की, बहन आशियान तिर्की व निगर तिर्की सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। इनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे। वहीं पूर्व उप प्रमुख धनंजय कुमार राय, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, सुनील कच्छप, मुखिया सुशांति भगत, नीरज कुजूर, लक्ष्मी कोया, अनिता बाड़ा समेत अन्य समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया है। अंतिम संस्कार बुधवार 10 बजे पैतृक गांव खत्री खटंगा के मसना में किया जायगा।

---

### रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी की सजा पर झारखंड उच्च न्यायालय ने लगायी रोक

# रामगढ़ की जनता साजिश रचनेवालों को सिखायेगी सबक : ममता देवी



- ममता देवी का विधानसभा चुनाव लड़ने का रास्ता हुआ साफ, कांग्रेसियों में खुशी की लहर
- उच्च न्यायालय के फैसले पर विरोधी हुए हताश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़) :** झारखंड में विधानसभा चुनाव के दस्तक के साथ ही झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले ने कॉंग्रेसी कार्यकताओं के उर्जा का स्तर बढ़ा दिया। झारखंड उच्च न्यायालय के इस निर्णय ने रामगढ़ जिले की राजनीतिक पारे में उबाल ला दिया। रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी को हुई सजा पर झारखंड उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। परिणामस्वरूप पूर्व विधायक ममता देवी के अब चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। ममता देवी को उच्च न्यायालय से मिली राहत के बाद कांग्रेसियों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। वहीं उनके समर्थक खुशी का इजहार करते नजर आ रहे हैं तथा उनके विरोधियों के चेहरे मुरझाए नजर आने लगे हैं। विरोधियों को उच्च न्यायालय के इस निर्णय से काफी परेशानी हुई है। ज्ञात हो कि वर्ष 2019 विधानसभा चुनाव में ममता देवी रामगढ़ से विधायक चुनी गई थी, लेकिन कुछ महीनो के बाद ही साजिश रच कर उनकी विधायकी खत्म करा दी गई। ऐसा आरोप पूर्व विधायक ममता देवी हमेशा राजनीतिक मंचों से लगाते रही है' झारखंड उच्च न्यायालय से पूर्व विधायक ममता देवी के सजा पर लगाई गई रोक ने रामगढ़ की राजनीतिक में तूफान ला दिया है। पूर्व विधायक ममता देवी से इस संबंध में बात करने पर उन्होंने कहा कि मैंने माता दुर्गा रानी से सच की जीत की मांग की थी। माता रानी ने मेरी पुकार सुनी तथा माता रानी के आदेश से सच्चाई को जीत मिली है। आने वाले चुनाव में रामगढ़ की जनता को बड़ी जीत मिलेगी। ममता देवी ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था। असत्य पर सत्य की विजय हुई है। रामगढ़ की जनता साजिश रचने वालों को इस बार सबक सिखाने का काम करेगी। इधर राममढ़, गोला, दुलमी एवं चितरपुर इलाकों में कॉंग्रेस कार्यकताओं ने खुशी का इजहार करते हुए जमकर आतिशबाजी की। पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने बताया कि विरोधियों के षडयंत्र का पदार्फाश हो गया। मौके पर संतोष सोनी, प्रेमसागर प्रसाद, सुनील कुशवाहा, मनोज कोटवार, एहतेशामुद्दीन अंसारी, चंदन प्रसाद, गौरीशंकर महतो, माणिक पटेल, तसलीम अंसारी, कमलेश महतो, महादेव महतो, प्रदीप महतो, अमित कुमार, कपलेश्वर महतो, दिलीप महतो, बहादुर मुंडा, कौशर रजा, मुकेश महतो, झामुमो नेता बरतू करमाली, करण नायक, गुड्डू पोद्दार, हरिचरण मुंडा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

---

### बड़ा तलाब के सौंदर्यीकरण कार्य में अनियमितता के विरुद्ध आजसू का अनशन समाप्त



**बुंडू :** बुण्डू स्थित बड़ा तालाब के सौन्दर्यकरण कार्य में अनियमितता के विरुद्ध सोमवार से शुरू हुई आजसू कार्यकर्ताओं का अनशन मंगलवार को दोपहर बुंडू एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा एवं नगर प्रशासक शुभम पोद्दार के साथ वार्ता के बाद समाप्त हो गया। आजसू कार्यकताओं से हुई समझौता के अनुसार नगर प्रशासक आगामी 20 अक्टूबर तक तालाब में कार्यविवरणी लगवाएंगे तथा 22अक्टूबर तक निर्माण कार्य की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे। आजसू कार्यकर्ताओं ने चेताया कि अगर तालाब सौंदर्यीकरण कार्य में सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन चलाया जाएगा। इस संबंध में नगर प्रशासक शुभम पोद्दार ने फ्रीडम फाइटर संवाददाता को बताया कि बड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के बुनियादी प्रथम चरण का ही कार्य किया जा रहा है द्वितीय चरण में वास्तविक सौंदर्यीकरण कार्य होना है।अनशन का नेतृत्व राजकिशोर कुशवाहा कर रहे थे। जबकि अनशनकारियों में शुभम कुमार महतो, आकाश महतो, सुकसारण महतो, सुनील कुम्हार, तपन कोइरी, प्रीती सिंह, बुण्डू प्रखण्ड अध्यक्ष हरिहर महतो, नन्देश्वर महतो, रामहरि महतो, आशुतोष कुमार, सन्तोष कुमार, सचिन कुमार, संजय महतो, प्रदीप महतो, अजित महतो,नीतीश सिंह, नीतीश कुमार, शुभम कुमार, सोरोभ कुमार,सुमित बिद,लव कुमार, कुश कुमार, सन्तोष महतो, रविकांत महतो,उमेश महतो आदि शामिल थे।

---

### बरकाकाना में गेट ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने की गेट मीटिंग

# यूपीएस लिया है, ओपीएस लेकर रहेंगे : मो. ज्याऊद्दीन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़ :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अपर महामंत्री मो. ज्याऊद्दीन के नेतृत्व में मंगलवार को बरकाकाना स्थित पीडबल्यूआई डिपो पर गेट मिटींग कर रेलकर्मियों से मुलाकात की। कार्यक्रम में उनके साथ एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा, शाखा सचिव महेन्द्र प्रसाद महतो, वरीय सदस्य सरयू प्रसाद, पीडब्ल्यूआई संजय कुमार उपस्थित रहे। अवसर पर 01 जनवरी 2004 के बाद बहाल हुए कर्मचारियों के लिए गारंटीड पेंशन की मांग के लिए फेडरेशन द्वारा विभिन्न चरणों में किए गए धरना प्रदर्शन आंदोलन की चर्चा करते हुए मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि केन्द्र के मजबूत सरकार से फिलहाल यूपीएस हासिल किया गया है जिसमें सेवानिवृत्ति पर पेंशन के रूप में एक अच्छी राशि का मिलना सुनिश्चित किया गया है। अन्य कमियों को भी आगे भविष्य में हम अपने एकजुट आंदोलन से हासिल करके रहेंगे। मौके पर उपस्थित एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रेकमैन्टेनर के लिए एलडीसीई ओपन टू आल की लड़ाई अंतिम चरण में आ गई है। इसपर एक सर्वमान्य फारमूला का निर्धारण किया जाएगा जिससे ट्रेकमैन्टेनर को दूसरे विभाग में जाने के रास्ते खुल जाएंगे। फेडरेशन और ईसीआरकेयू ने आठवें वेतन आयोग का गठन करने, बोनस की सिलिंग को वास्तविक वेतन पर निर्धारित करने, ट्रैकमेन्टेनर सहित कई अन्य विभागों के कर्मचारियों के बेहतर पदोन्नति के प्रावधान उपलब्ध कराने के लिए कैडर पुनर्गठन करवाने सहित कई महत्वपूर्ण मांगों पर संबंधित फोरमों पर मांग उठा रखी है। आने वाले समय में हमें इनके समाधान नजर आने लगेंगे। मौके पर डीके मौईत्रा, डीके नायक, रिशभ, प्रमोद उपाध्याय, संजय कुमार, जशिन्ता, जीतेन्द्र, राकेश रंजन सिंह, बैजनाथ सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित हुए।

---

# हुंडरूफॉल घुमने आया युवक अनिमेष दास की डूबने से मौत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अनगड़ा :** प बंगाल के प मेदनीपुर जिला से हुंडरूफॉल घुमने पहुंचे में युवक अनिमेष दास (18 वर्ष) की मौत नदी में डुबने से हो गई। अनिमेष मेदनीपुर जिला के संबग थाना क्षेत्र के नारायण बाड़ का निवासी था। अनिमेष दास आइडियल कोचिंग सेंटर सबंग का छात्र था वह 12 वीं कक्षा में पढ़ता था। मंगलवार को वह कोचिंग क्लासेस के 65 विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ एक बस से हुंडरू फॉल घुमने पहुंचा था। शिक्षक गौतम कुमार मन्ना ने बताया कि अनिमेष दास, सुधांशु प्रधान व अन्य के साथ हुंडरू फॉल से उपर स्वर्णरेखा नदी पर नहाने गये थे, इसी दौरान उसका और सुधांशु प्रधान का पैर फिसला और वे नदी जा गिरे। साथियों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे, सुधांशु प्रधान किसी प्रकार पत्थर में लटककर जान बचाने में सफल रहा, लेकिन अनिमेष दास डुब गया। बाद में पर्यटनमित्र राजकिशोर प्रसाद, बुधराम बेदिया व पवन बेदिया नदी में उतरे व अनिमेष दास को ढुंढने का प्रयास किया, काफी मशक्कत के बाद उन्होंने शव को पत्थर पर फंसा हुआ पाया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव को निकाला नहीं जा सका था। पर्यटन मित्र, स्थानीय ग्रामीण व सिकिदिरी पुलिस शव को बाहर निकालने के प्रयास में लगी थी। पर्यटन मित्र राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि बार बार मना करने के बावजूद भी पर्यटक नदी में चले जाते हैं, जिससे दुर्घटना होती है। अनिमेष दास व उसके साथियों को बुधराम बेदिया ने डेंजर जोन में जाने से रोका था।

---

### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया प्रभार ग्रहण



**सिल्ली :** अनिल कुमार ने सिल्ली प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में प्रभार ग्रहण किया। पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला ने पुष्पगुच्छ देखकर स्वागत किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद प्रखंड के सभी कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सिल्ली को विकास के रास्ते में अग्रसर करना हमारी प्राथमिकता होगी । विकासशील कार्यों एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने की हमारी कोशिश रहेगी।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने किया कार्यकर्ता मिलन समारोह



**रामगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा नईसराय में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रामगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेता कुशवाहा पंकज महतो ने उन सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मोर्चा की गाइड लाइन के अनुसार सभी काम करें। मोर्चा के लिए काम करने वाले कार्यकताओं की अलग ही पहचान रहती है। बिना काम के पद लेना भी गैर जिम्मेदारी का कार्य है इसलिए जिसके पास जो दायित्व है वह ईमानदारी से पूरा करें।

---

# विधायक समरी लाल ने कंडेर मोड़ में पथ निर्माण के लिए किया शिलान्यास



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के सारले पंचायत में विधायक समरी लाल ने कंडेर मोड़ में पथ निर्माण के लिए शिलान्यास किया। रांची जिला अंतर्गत बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के सारले पंचायत में विधायक समरी लाल ने कंडेर मोड़ में मंगलवार को पथ निर्माण के लिए शिलान्यास किया। यह परियोजना कंडेर मोड़ से सारले, आरिद और नगड़ू बाजार से मक्का तक सड़क निर्माण को कवर करेगी। विधायक ने कहा कि इससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही कांके विधानसभा क्षेत्र में हमारी प्राथमिकता रही है। कि स्कूल की चार दिवारी, स्कूल की विल्डिंग, चापानल, पुल पुलिया या सड़क का निर्माण सभी के लिए मैं संकल्पित हूं। और विभाग से मिलकर लगातार इन योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया है । जिसका परिणाम स्वरूप लगातार ग्रामीणों के मांग अनुसार शिलान्यास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद रामजीत गंझू, प्रमुख सत नारायण मुंडा, मनोज साहू, प्रकाश यादव, अर्जुन महतो, रामेश्वर गोप, हाकीम अंसारी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




सूर्योदय प्रातः 5:46 | सूर्यास्त संध्या 5:22 | पखवाड़ा आश्विन शु. त्रयोदशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 21°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024, वर्ष : 15, अंक : 243, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,820.12 | -152.93 (-0.19%) |
| निफ्टी | 25,057.35 | -70.60 (-0.28%) |

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| 24 carat सोना | 77,400.00 |
| चांदी | 969.00 |

# चुनावी समर का हुआ शंखनाद

## ▪ महाराष्ट्र में एक और झारखंड में दो चरणों में होंगे मतदान, 23 नवम्बर को आयेंगे नतीजे

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : चुनाव आयोग ने मंगलवार को दो राज्यों महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। महाराष्ट्र की 288 सीटों के लिए एक चरण में 20 नवम्बर और झारखंड की 81 सीटों के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवम्बर को मतदान होगा। इसके अलावा आयोग ने 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की है। सभी के नतीजे 23 नवम्बर को आयेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में पत्रकार वार्ता की। इसमें उन्होंने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की।

चुनाव आयोग की ओर से जारी मतदान कार्यक्रम के अनुसार महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में मतदान होगा। 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जायेगी और 29 अक्टूबर तक नामांकन किया जा सकता है। नामांकन की जांच 30 अक्टूबर और नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 04 नवम्बर तय की गयी है। बुधवार 20 नवम्बर को सभी सीटों पर एक साथ चुनाव होंगे।

झारखंड की 43 विधानसभा सीटों के लिए पहले चरण में बुधवार 13 नवम्बर और 38 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में बुधवार 20 नवम्बर को मतदान होगा। पहले चरण के लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जायेगी। नामांकन 25 अक्टूबर, नामांकन की जांच 28 अक्टूबर और नाम वापसी 30 अक्टूबर तक हो सकेगी। वहीं, दूसरे चरण के लिए 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जायेगी। 29 अक्टूबर तक नामांकन, 30 अक्टूबर को नामांकन की जांच, 01 नवम्बर को नाम वापसी होगी।




▪ झारखंड की 43 विधानसभा सीटों के लिए पहले चरण में 13 नवम्बर और 38 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में 20 नवम्बर को डाले जायेंगे वोट

इसके अलावा चुनाव आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और दो राज्यों की दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए भी मतदान कार्यक्रम की घोषणा की है। इसके मुताबिक 14 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की एक वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवम्बर को मतदान होगा। वहीं, उत्तराखंड की एक विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की नांदेड लोकसभा सीट पर 20 नवम्बर को मतदान होगा।

महाराष्ट्र में 288 सीटों में से 234 सामान्य, 25 अनुसूचित जनजाति और 29 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। महाराष्ट्र में कुल 09.63 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 20.93 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। आयोग ने राज्य विधानसभा के लिए 52,789 स्थानों पर एक लाख से अधिक मतदान केन्द्र बनाये हैं।

झारखंड की 81 विधानसभा सीटों में से 44 सामान्य, 28 अनुसूचित जनजाति और 09 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां 2.6 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 66.84 लाख युवा मतदाता है और 11.84 लाख ● शेष पृष्ठ 11 पर

## चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू

### स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्राथमिकता : के. रवि कुमार

**रांची** : भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसी के साथ 15 अक्टूबर 2024 की शाम साढ़े तीन बजे से झारखंड में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने बताया है कि चुनाव 13 और 20 नवम्बर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 23 नवम्बर को होगी। पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की 22 अक्टूबर को जारी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का



पालन सुनिश्चित करेगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव हमारी प्राथमिकता होगी। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी हमारी प्रथमिकता सूची में है। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में मीडिया से मुखातिब थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में तथा दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए नामांकन 25 अक्टूबर तक और दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर होगी। पहले चरण के नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर और दूसरे चरण की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर और ● शेष पृष्ठ 11 पर

## 14 राज्यों की 48 विधानसभा और महाराष्ट्र व केरल की एक-एक लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

**नयी दिल्ली** : चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र एवं झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र एवं केरल की एक-एक लोकसभा सीटों पर उपचुनाव कार्यक्रमों की भी घोषणा की। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के साथ 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवम्बर को मतदान होगा, जबकि महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा ● शेष पृष्ठ 11 पर

### इन राज्यों की विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव

**उत्तर प्रदेश** : मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर (एससी), करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी, मझावन।
**राजस्थान** : झुंझुनू, रामगढ़, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर, सलूंबर (एसटी), चौरासी (एसटी)।
**पश्चिम बंगाल** : सीताई (एससी), मदारीहाट (एसटी), नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर, तालडांगरा।
**असम** : धोलाई (एससी), सिडली (एसटी), बोंगाईगांव, बेहाली, सामागुड़ी।
**बिहार** : तरारी, रामगढ़, इमामगंज (एससी), बेलागंज।
**पंजाब** : डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल (एससी), गिद्दड़बाहा, बरनाला।
**कर्नाटक** : शिगांव, संदुर (एसटी), चन्नापटना।
**केरल** : पलक्कड़ और चेलक्कारा (एससी)।
**मध्य प्रदेश** : बुधनी और विजयपुर।
**सिक्किम** : सोरेंग-चाकुंग और नामची-सिंघीथांग।
**छत्तीसगढ़** : रायपुर सिटी साउथ।
**गुजरात** : वाव सीट।
**मेघालय** : गाम्बेग्रे (एसटी)।
**उत्तराखंड** : केदारनाथ।

## एक झलक

### एअर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी

**अयोध्या** : एअर इंडिया एक्सप्रेस के एयर क्राफ्ट को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी के बाद अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान की आपातकालीन सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान में सवार 139 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। उसके बाद बम की तलाशी ली गई। फिलहाल विमान में तलाशी के दौरान बम नहीं मिला। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। समाचार लिखे जाने तक विमान में रखे सामानों की चेकिंग की जा रही है । हवाई अड्डे के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई है। ये विमान जयपुर से आ रहा था। अभी लगेज की जांच हो रही है।

### जूनियर डॉक्टरों की भूख हड़ताल का 11वां दिन

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल मंगलवार को 11वें दिन में प्रवेश कर गई लेकिन राज्य सरकार और डॉक्टरों के बीच हुई बैठक से कोई समाधान नहीं निकल सका। कोलकाता के एस्प्लानेड क्षेत्र में अनशन पर बैठे दो और डॉक्टरों की तबीयत बिगड़ गई। सोमवार को स्वास्थ्य भवन में मुख्य सचिव मनोज पंत और 12 डॉक्टर संघों के प्रतिनिधियों की बैठक बेनतीजा रही। मुख्य सचिव पंत ने बैठक के बाद बताया कि डॉक्टरों ने अपनी मांगों पर तत्काल समयसीमा देने की बात कही, लेकिन प्रशासनिक कारणों से समयसीमा देना संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि डॉक्टरों की 10 में से सात मांगें पहले ही पूरी की जा चुकी हैं, जबकि शेष तीन मांगों पर और विचार की जरूरत है।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

### चौथा आरोपित 21 तक पुलिस हिरासत में

**मुंबई** : बहुचर्चित पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में मुंबई पुलिस चौथे आरोपित हरीश कुमार बालकराम (23) को उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले से गिरफ्तार करके मुंबई लाई और मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 21 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित पुणे में स्क्रैप डीलर के रूप में काम कर रहा था। उस पर बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में पैसे का इंतजाम करने का शक है। इसका कारण उसके बैंक खाते में बड़े पैमाने पर पैसे जमा किए गए हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त दत्ता नलावड़े ने बताया कि पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में हरीश कुमार बालकराम का नाम पहले गिरफ्तार किए आरोपितों से पूछताछ में सामने आया था। इसी वजह से मुंबई पुलिस की टीम उत्तर प्रदेश में गई थी और बहराइच से गिरफ्तार करके मुंबई लाई।

## एससीओ शिखर वार्ता के लिए पाकिस्तान पहुंचे विदेश मंत्री



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर पाकिस्तान में बुधवार को होनेवाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में भाग लेने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। नौ साल बाद यह पहला मौका है जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे हैं। इससे पहले दिसम्बर 2015 में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज पाकिस्तान गयी थीं। एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्थान पर विदेश मंत्री जयशंकर बैठक में शिरकत करने पहुंचे हैं। विदेश मंत्री को ● शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक डिजिटल नियमों और नैतिक एआई पर दिया जोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नैतिक उपयोग के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार करने की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचे और वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दिशा-निदेर्शों के महत्व को स्वीकार करने का समय आ गया है। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा



को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया और इस अवसर पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचा स्थापित करने के महत्व को दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस विषय को भारत ने अपने जी-20 प्रेसीडेंसी के दौरान उठाया था और वैश्विक संस्थाओं से वैश्विक ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बुराड़ी पुलिस स्टेशन के निरीक्षक और उप निरीक्षक रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस के बुराड़ी पुलिस स्टेशन के एक निरीक्षक संदीप अहलावत एवं उप निरीक्षक भूपेश कुमार को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है। सीबीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई के मुताबिक, आरोपित निरीक्षक ने शिकायतकर्ता से 1.50 करोड़ रुपये की रिश्वत मांग की थी ताकि उसे बुराड़ी पुलिस स्टेशन में फर्जी तौर पर दर्ज एक मामले में न फंसाया जाए। बाद में आरोपित उप निरीक्षक के माध्यम से आरोपित निरीक्षक एक करोड़ रुपये की रिश्वत लेने पर सहमत हो गया।

बाद में बातचीत के आधार पर आरोपित को कुल रिश्वत की राशि के एक भाग के तौर पर शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपये की रकम लेते हुए सीबीआई की टीम ने उप निरीक्षक को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद आरोपित निरीक्षक को भी सीबीआई की टीम ने दबोच लिया।

## विभिन्न देशों की संसदों के अध्यक्षों ने की बिरला से मुलाकात

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : 149वीं अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) एसेम्बली में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल (आईपीडी) का नेतृत्व कर रहे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल जिनेवा में भारतीय प्रवासियों को सम्बोधित किया । उन्होंने कहा कि साझा वैश्विक चुनौतियों के समाधान के उद्देश्य से वैश्विक संवाद में भारत की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

बिरला ने भारतीय प्रवासियों के कौशल, प्रतिभा और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि वे देश के ब्रांड एंबेसडर हैं और वे जिस



देश में भी रहते हैं, वहां पारिवारिक सम्बन्धों और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के समाधान में भारत द्वारा निभाई जा रही अग्रणी भूमिका का उल्लेख करते हुए इस आत्मविश्वास का श्रेय सशक्त नेतृत्व तथा भारतवासियों और प्रवासियों की शक्ति और सामर्थ्य को दिया ।

बिरला ने कहा कि जिनेवा में रह रहे भारतीय समुदाय ने अपने देश के लिए प्रेम के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था तथा सांस्कृतिक विरासत में योगदान का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। अध्यक्ष ने भारत की समृद्ध परंपराओं और मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए एनआरआई समुदाय की सराहना की। उन्होंने कहा कि व्यवसाय, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीयों की उपलब्धियों की बात भी की। भारत और ● शेष पृष्ठ 11 पर

## हिमाचल प्रदेश में लगे भूकंप के झटके

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश में तीन दिन के भीतर दूसरी बार भूकंप के झटके लगे हैं। मंडी जिले में मंगलवार दोपहर भूकंप के झटकों से धरती हिली। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.3 रही है। मंडी में किसी तरह के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप के झटके दोपहर 12 बजकर 1 मिनट पर कुछ सेकंड तक महसूस हुए। इसका असर मंडी जिला से सटे इलाकों में भी महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र मंडी में 31.74 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.86 डिग्री पूर्वी देशांतर पर रहा और इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया।

## परमेश शिवमणि ने भारतीय तटरक्षक बल के 26वें महानिदेशक का कार्यभार सम्भाला

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : परमेश शिवमणि ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के 26वें महानिदेशक का कार्यभार सम्भाल लिया है। वह 35 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान तटवर्ती और समुद्री क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्हें उत्कृष्ट सेवा के लिए 2014 में तटरक्षक पदक और 2019 में राष्ट्रपति तटरक्षक पदक से सम्मानित किया गया था। वह 2012 में डीजी कोस्ट गार्ड प्रशस्ति



और 2009 में फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (पूर्व) प्रशस्ति से भी सम्मानित किये जा चुके हैं। कोस्ट गार्ड के अनुसार महानिदेशक परमेश शिवमणि नौ-संचालन और दिशा-निर्देशन के विशेषज्ञ हैं और उनकी समुद्री कमान में उन्नत समुद्री गश्ती जहाज 'समर' और 'विश्वस्त' सहित भारतीय तट रक्षक बल के सभी प्रमुख जहाज शामिल हैं। वह तटरक्षक क्षेत्र (पूर्व), तटरक्षक क्षेत्र (पश्चिम), तटरक्षक कमांडर (पूर्वी समुद्र तट) के शीर्ष पदों पर रहे हैं। वह नेशनल डिफेंस कॉलेज, नयी दिल्ली और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के पूर्व छात्र हैं। कार्यभार संभालने के बाद उन्हें मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## धर्मेंद्र प्रधान ने स्वास्थ्य सेवा, कृषि और संधारणीय शहरों में 3 एआई उत्कृष्टता केन्द्रों की घोषणा की

# एआई-सीओई दुनिया के समाधान प्रदाता के रूप में भी उभरेंगे : प्रधान

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को नई दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा, कृषि और संधारणीय शहरों पर केंद्रित तीन एआई उत्कृष्टता केन्द्र (सीओई) की स्थापना की घोषणा की।

इस मौके पर धर्मेंद्र प्रधान ने उम्मीद जतायी कि तीनों एआई-सीओई वैश्विक सार्वजनिक भलाई के मंदिर के रूप में उभरेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्रों के अनावरण के साथ वैश्विक एआई परिदृश्य में भारत की साख को मजबूत करने के लिए महत्त्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। प्रधान ने यह भी कहा कि भारत को जिस प्रतिभा और उत्साह का वरदान मिला है, उसके साथ आनेवाले समय में ये सीओई वैश्विक सार्वजनिक नीति का एक प्रमुख तत्व होंगे और दुनिया के समाधान प्रदाता के रूप में भी उभरेंगे।

उन्होंने देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में एआई में इन सीओई के कार्यान्वयन की दिशा में उनके सावधानीपूर्वक और ईमानदार प्रयासों के लिए श्रीधर वेम्बू के नेतृत्व वाली शीर्ष समिति की सराहना की। भारत को एआई के वैश्विक केन्द्र के रूप में स्थापित




करने के उनके दृष्टिकोण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि एआई में ये सीओई देश में स्टार्ट-अप ईकोसिस्टम को और बढ़ावा देंगे, नौकरी और धन सृजन करनेवालों की एक नयी पीढ़ी बनाने में मदद करेंगे और वैश्विक सार्वजनिक भलाई के नये प्रतिमान स्थापित करेंगे।

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के. संजय मूर्ति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ये सीओई केवल संस्थान-आधारित नहीं हैं, बल्कि पूरे देश की सेवा के लिए डिजाइन किये गये हैं। अंतःविषय अनुसंधान के महत्त्व पर जोर देते हुए उन्होंने उल्लेख किया कि समान विचारधारा वाले संसाधनों के बीच सही तरह के सहयोग से, इष्टतम परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में विकसित प्रतिस्पर्धा-आधारित चुनौती विधियों ने आम समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रगति सुनिश्चित की है।

शीर्ष समिति के सह-अध्यक्ष और जोहो कॉर्पोरेशन के संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने अपने सम्बोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि किस तरह ये परियोजनाएं गांवों, शहरों और देश के लोगों के स्वास्थ्य को समग्र रूप से लाभ पहुंचायेंगी। उन्होंने देश के प्रतिभा पूल को पोषित करने के महत्त्व पर जोर दिया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसके सदस्य आनेवाले 10 से 20 वर्षों में राष्ट्र की सेवा करें। उन्होंने कहा कि सीओई कई प्रयासों को बढ़ावा देंगे, कम्पनियां बनायेंगे, प्रतिभाओं को पोषित करेंगे और हमारे प्रतिभा पूल के लिए अवसर पैदा करेंगे।

## अंदर के पन्नों पर


2 निर्वाचन के दौरान 04 एम पर रखें विशेष ध्यान...
5 जयकारे के बीच सराहा गया हेमन्त का संकल्प...
7 मतदान में स्वयं भी हों शामिल, दूसरों को...
9 सिपाही/हवलदार से 250 पुलिस कर्मियों को...
10 सोनम ने 10 मी. एयर राइफल में जीता रजत...

सम्पादकीय.....

## भुखमरी खत्म करने का लक्ष्य अधूरा क्यों

**भूख** के आंकड़े ना सिर्फ भारत बल्कि विश्व भर में डराने हैं। इससे जुड़े तथ्य रौंगटे खड़ी कर देती है। संसार में 11 में से एक व्यक्ति आज भी रात में भूखे पेट सोने को मजबूर है। दुनिया के 73 करोड़ आबादी अब भी रोजाना भूखे पेट है। इनमें वो देश भी शामिल हैं जो तरक्की की दिन-रात डींगे हांकते हैं। बहरहाल, 2024 की हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के बीच 'विश्व खाद्य दिवस' मनाना अपने आप में मायने रखता है। हंगर रिपोर्ट के बहाने आज भुखमरी जैसे गंभीर विषय पर कम-से-कम गंभीर विमर्श किया जा सकता है। पिछले 45 वर्षों से 'विश्व खाद्य दिवस' मनाया जाता रहा है। इसकी शुरुआत वर्ष 1979 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की सालाना बैठक में सदस्य देशों की आम सहमति से 16 अक्टूबर को ये दिवस तय किया गया था। यह वह समय था जब आधी दुनिया भूख से कराहने को मजबूर थी। दरअसल, इसी समय करीब 45 ऐसे देश थे जो गुलामी की बेड़ियों से नए-नए आजाद हुए थे। तब उनके सामने पेट भरने की सबसे बड़ी चुनौती थी। क्या बुजुर्ग, क्या बच्चे सभी भूख-प्यास से बिलखते थे। हालांकि भारत को आजाद हुए तब तीन दशक हो चुके थे इसलिए बिगड़ी स्थिति को संभाल लिया गया। यहां तक कि इस मामले में भारत ने दूसरे देशों की मदद भी की। 'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। आज भी कई देश खाद्य पदार्थों की अनुपलब्धता का सामना कर रहे हैं। दूसरे, कई देशों में युद्ध, संघर्ष या टकराव हैं जिससे स्थिति भयावह बनी हुई है। इसलिए भूख, गरीबी से लड़ने और भोजन के अधिकार के लिए आज का दिन उन लोगों के लिए खास हैं जो जरूरतमंद हैं। पिछले सप्ताह आई 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट-2024' उन देशों को सतर्क करती है जिनकी स्थिति भूख को लेकर अब भी ज्यादा अच्छी नहीं बताई गई है। रिपोर्ट में भारत का स्थान 127 देशों में 105वां है, हालांकि पिछले सालों की तुलना में रैंक में मामूली सुधार हुआ है। 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2023 में भारत 125 देशों में 111 वें स्थान पर था। बावजूद इसके गंभीरता से मंथन करने की हमें भी जरूरत है। रिपोर्ट का इशारा इस ओर भी है कि विभिन्न देशों की सरकारें, निजी क्षेत्र, किसानों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज यह सुनिश्चित करें कि सभी लोगों को पर्याप्त विविध, पौष्टिक और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों। असमानता और गरीबी से निबटने, उनकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए स्वस्थ भोजन विकल्प चुनने, भोजन की बर्बादी को कम करने और पर्यावरण की रक्षा करने में हम सभी की भूमिकाएं होती हैं। भोजन की बर्बादी बड़ा मुद्दा उभर कर सामने आया है। इसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की जरूरत है। इसमें सिर्फ सरकार नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। क्योंकि भोजन की उपलब्धता पर सभी का एक समान अधिकार है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कई देशों में भुखमरी के हालात पैदा हुए हैं। अन्य देशों द्वारा अगर मानवीय सहायता न की जाएं, तो वहां स्थिति और बदतर हो जाती। भुखमरी के शिकार देशों की जहां तक बात है, तो भूख के मामले में हैती अब भी सबसे ऊपर है। वहां कई अन्य परेशानियों के अलावा बार-बार प्राकृतिक आपदाओं का आना भी भुखमरी बढ़ने का कारण बना हुआ है। इसी कारण हैती की लगभग 65 प्रतिशत आबादी भूख का दंश झेलने को मजबूर है। वहां आधे से ज्यादा लोग आज भी गरीबी रेखा से नीचे हैं। वहीं, भूख पर आईसीएमआर की रिपोर्ट पर गौर करें, तो भारत में 2018 में 19 करोड़ लोग ऐसे थे जिन्हें रोज दो वक्त का भरपेट खाना नहीं मिला। वर्ष-2022 में ये संख्या बढ़कर 35 करोड़ हुई। हालांकि इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों में सुधार हुआ है।

## ● किसने क्या कहा



बंगाल की खाड़ी और आईओआर में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री

एआई-सीआई दुनिया के समाधान प्रदाता के रूप में भी उभरेंगे

धर्मेन्द्र प्रधान
शिक्षा मंत्री



# दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में क्यों होते हैं सिग्नल फेल?

विशेष | प्रियंका सौरभ

> **कवच** का एकीकरण कई बुनियादी ढांचे की चुनौतियों का समाधान करते हुए अधिक डिजिटलीकृत और स्वचालित रेलवे प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देता है। राष्ट्रीय रेल योजना 2030 में कवच को 34, 000 किमी के उच्च-घनत्व वाले मार्गों पर विस्तारित करने की परिकल्पना की गई है। इस प्रणाली को वार्षिक रेलवे पूंजीगत व्यय के 2% पर लागू किया जा सकता है, जो नेटवर्क को आधुनिक बनाने के लिए एक लागत प्रभावी तरीका प्रदान करता है। 2024 के रेलवे बजट में 1, 112.57 करोड़ आवंटित किए गए हैं प्रमुख रेलवे गलियारों में कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली का विस्तार करने के लिए, ट्रेन स्थानों पर वास्तविक समय डेटा प्रदान करके, कवच दुर्घटनाओं के मामले में त्वरित प्रतिक्रिया की सुविधा प्रदान करता है, जिससे सुरक्षा परिणामों में सुधार होता है। कवच कार्यान्वयन के बाद, बेंगलुरु-चेन्नई मार्ग पर आपातकालीन प्रतिक्रिया समय कम हो गया है।

**भारत** का रेलवे बुनियादी ढांचा विशाल लेकिन पुराना है, जिससे विभिन्न कमियों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। हाल ही में सिग्नल की विफलता के कारण मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे मजबूत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इस तरह की घटनाएँ ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आधुनिकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। ट्रेन में सुरक्षित सफर को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। ट्रेन में यात्रा करने वाले लोग अपनी मंज़िल तक सुरक्षित पहुँचेंगे या नहीं, हीं ट्रेन हादसे का शिकार तो नहीं हो जाएगी। दरअसल, भारतीय रेलवे से हर दिन एक लाख किमी से अधिक फैले देशव्यापी ट्रेक नेटवर्क पर करीब ढाई करोड़ यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुँचाती है। साल 2019-20 के लिए एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना ज़िम्मेदार था, जो पिछले वर्ष 68 फीसदी से अधिक था। इसके बाद ट्रेन में आग लगने और टक्कर लगने के मामले आते हैं, जो कुल दुर्घटनाओं में क्रमशः 14 और आठ फीसदी के लिए ज़िम्मेदार हैं। इस रिपोर्ट में साल 2019-20 के दौरान 33 यात्री ट्रेनों और सात मालगाड़ियों से सम्बंधित 40 पटरी से उतरने की घटनाएँ गिनाई गईं। इनमें से 17 पटरी से उतरने की घटनाएँ ट्रैक खराबियों के कारण हुईं। जबकि नौ घटनाएँ ट्रेनों, इंजन, कोच, वैगन में खराबी के कारण हुईं है।

ट्रेनों का पटरी से उतरना रेलवे के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। एक ट्रेन कई कारणों से पटरी से उतर सकती है। ट्रैक का रखरखाव खराब हो सकता है, कोच खराब हो सकते हैं और गाड़ी चलाने में गलती हो सकती है। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए ट्रेन की पटरियों का मरम्मत कार्य होते रहना बहुत जरूरी है। धातु से बनी रेलवे पटरियाँ गर्मी के महीनों में फैलती हैं और सर्दियों में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सिकुड़ती है। ऐसे में इन्हें नियमित रखरखाव की जरूरत होती है। जरा-सी लापरवाही बड़े हादसे की वजह बन सकती है। ढीले ट्रैक को कसना, स्लीपर बदलना और अन्य चीजों के अलावा, चिकनाई और समायोजन स्विच। इस तरह का ट्रैक निरीक्षण पैदल, ट्रॉली, लोकोमोटिव और अन्य वाहनों द्वारा किया जाता है। बुनियादी ढाँचे की कमियाँ दुर्घटनाओं में योगदान दे रही हैं, कई वर्ग अभी भी मैन्युअल सिग्नलिंग पर भरोसा करते हैं, जिससे मानवीय त्रुटि का खतरा बढ़ जाता है, जो दुर्घटनाओं का एक महत्त्वपूर्ण कारक है। 2024 मैसूर-दरभंगा टक्कर सिग्नलिंग विफलता के कारण हुई, जिसके कारण ट्रेन को गलत ट्रैक पर ले जाया गया। दिल्ली-कोलकाता जैसे मार्गों पर भारी भीड़भाड़ होती है, जिससे अक्सर देरी होती है और नेटवर्क पर बढ़ते दबाव के कारण सुरक्षा से समझौता होता है।

कवच जैसे एटीपी सिस्टम की अनुपस्थिति से ओवरस्पीडिंग या सिग्नल उल्लंघनों के कारण होने वाली टक्करों को रोकना मुश्किल हो जाता है। पुरानी पटरियाँ, खराब रखरखाव कार्यक्रम के साथ मिलकर, अक्सर पटरी से उतरने और दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। 2017 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना का कारण ट्रैक की खराब स्थिति को बताया गया था। अत्यधिक काम करने वाले कर्मचारी, विशेष रूप से लोकोमोटिव पायलट, अक्सर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे त्रुटियाँ होती हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2021 की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी सीधे सुरक्षा को प्रभावित करती है। कई भारतीय रेलगाड़ियाँ पुराने कोचों का उपयोग करती हैं, जिनमें क्रैशवर्थी डिजाइन जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं का अभाव होता है। 2023 ओडिशा दुर्घटना में पुराने आईसीएफ कोच शामिल थे, जो आधुनिक एलएचबी कोचों की तुलना में कम प्रभाव-प्रतिरोधी थे। मजबूत आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की कमी दुर्घटना होने पर क्षति को बढ़ा देती है। 2023 बालासोर दुर्घटना में मलबा हटाने में 6 घंटे से अधिक का समय लगा, जिससे महत्त्वपूर्ण बचाव कार्यों में देरी हुई। इन कमियों को दूर करने में 'कवच' प्रणाली की भूमिका बहुत ही अहम है, कवच प्रणाली लाल सिग्नल पार करने पर ट्रेनों को स्वचालित रूप से रोक देती है, जिससे खतरनाक टकराव को रोका जा सकता है। रेल मंत्रालय ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर कवच लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप घटनाओं में कमी आई। कवच यह पता लगाता है कि दो ट्रेनें एक ही ट्रैक पर हैं और टक्कर को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगाती है। परीक्षण के दौरान सिस्टम ने संभावित दुर्घटनाओं को सफलतापूर्वक टाल दिया दक्षिण-मध्य रेलवे नेटवर्क पर कवच सुनिश्चित करता है कि ट्रेनें गति सीमा से अधिक न चलें, महत्त्वपूर्ण कार्यों को स्वचालित करके, कवच लोकोमोटिव पायलटों पर कार्यभार कम करता है, मानवीय त्रुटियों को कम करता है।

# ईवीएम संदिग्धता : या इलाही ये माजरा क्या है ?

गौरतलब | तनवीर जाफरी

> **कांग्रेस** ने सीधा आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में कई जगह ई वी एम को हैक किया गया है। यह सवाल भी उठा कि अनेक ई वी एम इंडिकेटर में बैटरी की मात्रा 90 व 95 % तक दिखा रही थी जबकि मतदान के अंतिम समय में प्राय: ई वी एम की बैटरी चार्जिंग की मात्रा 60 से 70 % के बीच या इससे भी कम ही हुआ करती है। कांग्रेस का आरोप है कि जहां जहां ई वी एम में बैटरी कम थी उनमें प्राय: कांग्रेस को बढ़त मिली है। इस आरोप का सीधा अर्थ है कि ई वी एम को बदल दिया गया। कांग्रेस द्वारा 20 सीटों पर इसतरह की गड़बड़ी होने की शिकायत दर्ज की गई है। सवाल यह है कि जब राहुल गांधी ने 17 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के समय मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि राजा की आत्मा ईवीएम में है , उस समय केवल राहुल गांधी ही नहीं बल्कि एम के स्टालिन व फारूक अब्दुल्ला जैसे अनेक बड़े नेताओं ने भी ईवीएम का मुद्दा उठाया था।

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव के अप्रत्याशित परिणामों ने पूरे देश के न केवल सभी प्रमुख एजेंसीज द्वारा किये गए एक्जिट पोल्स को बुरी तरह झुठला दिया बल्कि बड़े बड़े राजनैतिक विश्लेषकों को भी हैरानी में डाल दिया। मजे की बात तो यह कि केवल कांग्रेस पार्टी ही हरियाणा में सत्ता में वापसी की उमीदों को लेकर गदगद नहीं थी बल्कि स्वयं भाजपा भी यह एहसास था कि किसान आंदोलन,अग्निवीर योजना व पहलवानों जैसे ज्वलंत मुद्दे उठने के बाद राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में इनके अलावा भाजपा को दस वर्ष की सत्ता विरोधी लहर का भी सामना करना पड़ सकता है। इसी संभावना के तहत भाजपा ने लगभग 35 प्रतिशत वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिए थे। टिकट कटने वालों में कई मंत्री भी शामिल थे। इस कवायद के बावजूद 12 में से 9 मंत्री चुनाव में पराजित हो गये। हद तो यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा की सीटों को भी बदल दिया गया था। इन सबके बावजूद नायब सैनी और अनिल विज जैसे नेताओं को भी मामूली मतों से ही जीत हासिल हुई। राज्य में 10 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां बीजेपी की जीत का अंतर 5 हजार से भी कम है। आठ अक्टूबर को जब सुबह मतगणना शुरू हुई उस समय एग्जिट पोल द्वारा घोषित पूवार्नुमानों के अनुरूप ही कांग्रेस की भारी जीत के रुझान सामने आने लगे। बताया गया कि बैलट पेपर की गिनती में कांग्रेस तेजी से आगे जा रही थी परन्तु जैसे ही ई वी एम के मतों की गिनती शुरू हुई आंकड़ों ने उसी तेजी से करवट लेना शुरू कर दिया। उसी समय पूरे देश के सोशल मीडिया पर यह संदेह जाहिर किया जाने लगा कि क्या भाजपा द्वारा फिर खेला कर दिया गया ? और शाम होते होते भाजपा राज्य की कुल 90 विधानसभा सीटों में से 48 पर जीत दर्ज करने व जरूरी बहुमत हासिल करने की ओर बढ़ चली। जबकि एक्जिट पोल के अनुसार 50 से 65 सीटें जीतने की उम्मीद रखने वाली कांग्रेस को मात्र 37 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। इन चुनाव परिणामों ने निश्चित रूप से सभी को हैरान इसलिये भी कर दिया क्योंकि राज्य से भाजपा की हरियाणा में सत्ता से बिदाई की रिपोर्ट्स केवल मीडिया आधारित नहीं थी बल्कि स्वयं अनेक सरकारी एजेंसीज ने भी यही फीड बैक दिया था। इसीलिये भाजपा के पक्ष में आये इन अप्रत्याशित परिणामों को लेकर संदेह पैदा होना स्वभाविक भी था। और इसतरह निशाने पर एक बार फिर ई वी एम आ गयी। कांग्रेस ने सीधा आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में कई जगह ई वी एम को हैक किया गया है। यह सवाल भी उठा कि अनेक ई वी एम इंडिकेटर में बैटरी की मात्रा 90 व 95 % तक दिखा रही थी जबकि मतदान के अंतिम समय में प्रायः ई वी एम की बैटरी चार्जिंग की मात्रा 60 से 70% के बीच या इससे भी कम ही हुआ करती है। कांग्रेस का आरोप है कि जहां जहां ई वी एम में बैटरी कम थी उनमें प्रायः कांग्रेस को बढ़त मिली है। इस आरोप का सीधा अर्थ है कि ई वी एम को बदल दिया गया। कांग्रेस द्वारा 20 सीटों पर इसतरह की गड़बड़ी होने की शिकायत दर्ज की गई है। सवाल यह है कि जब राहुल गांधी ने 17 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के समय मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि राजा की आत्मा ईवीएम में है , उस समय केवल राहुल गांधी ही नहीं बल्कि एम के स्टालिन व फारूक अब्दुल्ला जैसे अनेक बड़े नेताओं ने भी ईवीएम का मुद्दा उठाया था। और उस समय सभी का ई वी एम को लेकर एक ही स्वर था कि यदि उनकी सरकार आएगी तो वे ईवीएम को हटा देंगे। सवाल यह है कि आज जबकि हरियाणा के साथ साथ जम्मू कश्मीर विधान सभा के भी चुनाव परिणाम आये हैं। और जम्मू कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला की नेशनल कॉफ्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला जबकि हरियाणा में भाजपा को जीत मिली। ऐसे में यदि कांग्रेस के नेता हरियाणा में ई वी एम की कार्यप्रणाली में त्रुटियां निकाल रहे हैं तो फिर जम्मू कश्मीर विधानसभा परिणामों से सहमत क्यों ? पिछले लोकसभा चुनावों में इण्डिया गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश व हरियाणा में भी अच्छा प्रदर्शन रहा। उस समय भी किसी ने ई वी एम पर इतना दोष नहीं मढ़ा। कर्नाटक में जीते तो भी ई वी एम ठीक थी ? और इन सबसे बड़ी बात यह कि जब विपक्षी दलों के नेता ई वी एम को ही गलत बताते हैं फिर आखिर अब तक पूरे विपक्ष ने मिलकर ई वी एम के विरुद्ध संयुक्त रूप से कोई बड़ा आंदोलन क्यों नहीं किया ? यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ वकीलों व सामाजिक कार्यकताओं द्वारा चलाये जा रहे ई वी एम विरोधी आंदोलन का भी किसी राजनैतिक दल ने खुलकर साथ नहीं दिया ? यदि वास्तव में ई वी एम निष्पक्ष चुनाव प्रभावित करने की क्षमता रखती है तो निश्चित रूप से यह लोकतंत्र के लिये घातक है। सभी राजनैतिक दलों को राष्ट्रीय स्तर पर इसका विरोध करना चाहिये। यहाँ तक कि यदि सत्ता पक्ष के भी कई वरिष्ठ नेता,तकनीकी एक्सपर्ट और पूरा विपक्ष ई वी एम से चुनाव नहीं चाहता तो इसके द्वारा होने वाले चुनावों का बहिष्कार तक किया जाना चाहिये।

## आज का इतिहास

- ऑस्ट्रिया की सेना ने 1757 में जर्मनी की राजधानी बर्लिन पर कब्जा किया।
- लार्ड कर्जन द्वारा बंगाल का प्रथम विभाजन 1905 में हुआ।
- ब्रिटेन ने 1915 में बुल्गारिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- छठा उष्णकटिबंधीय तूफान 1923 को मैक्सिको की खाड़ी में आया।
- रॉय और वॉल्ट डिज्नी ने वॉल्ट डिज्नी कंपनी की स्थापना 1923 को की।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटिश क्षेत्र पर पहला हमला 1939 को किया।
- बंगाल की खाड़ी में 1942 को आए चक्रवाती तूफान से चालीस हजार लोगों की मौत।
- पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की 1951 में रावलपिंडी में गोली मारकर हत्या की गई।
- अमेरिका ने 1958 को नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद की स्थापना 1959 में की।
- चीन ने अपना पहला परमाणु विस्फोट 1964 में किया।
- हरगोविंद खुराना को 1968 में चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- भारतीय क्रिकेटर कपिल देव ने 1978 में पाकिस्तान के खिलाफ फैसलाबाद में अपने टेस्ट करियर का आगाज किया।
- सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण 1982 में किया।
- दक्षिण अफ्रीका के सामाजिक कार्यकर्ता डेसमंड टुटु को 1984 में शांति के लिये नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
- ग्वाटेमाला की राजधानी ग्वाटेमाला सिटी में 1996 को फुटबॉल मैच के दौरान स्टेडियम में क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने के कारण मची भगदड़ में 84 लोगों की मौत,180 से अधिक घायल।
- सं.रा. अमेरिका ने 1999 को सैन्य शासन के विरोध में पाकिस्तान पर प्रतिबन्ध लगाया।
- 14वें एशियाई खेलों में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक विजेता डोपिंग टेस्ट में असफल रहने के बाद भारत की सुनीता रानी का पदक 2002 में छीना गया।

## सुविचार

एक बेहतरीन किताब 100 अच्छे दोस्त के बराबर है, लेकिन एक सर्वश्रेष्ठ दोस्त पुस्तकालय के बराबर है।

**अब्दुल कलाम**

प्रत्येक अनुभव से शक्ति, साहस और आत्मविश्वास मिलता है, जिससे आपके चेहरे पर डर का आना बंद हो जाता है।

**एलेनोर रोसवैल्ट**

# शताब्दी वर्ष का सार्थक संदेश

डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**सौ** वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सकारात्मक भाव भूमि पर हुई थी। इसमें नकारात्मक चिंतन के लिए कोई जगह नहीं है। हिन्दू समाज को संगठित करने का ध्येय था। संघ की संरचना में शाखाएं सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती हैं। यहीं से सामाजिक संगठन और निःस्वार्थ सेवा का संस्कार मिलता है। इसमें मातृभूमि की प्रार्थना की जाती है-नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि। यह भाव राष्ट्र को सर्वोच्च मानने की प्रेरणा देता है। समाज के प्रति सकारात्मक विचार जागृत होता है। स्वयंसेवकों के समाज सेवा कार्य इसी भावना से संचालित होते हैं।

पहले से संचालित सामाजिक समरसता अभियान को तेज किया जाएगा। समाज में छुआछूत और भेदभाव को दूर करने के लिए कार्यकताओं को और सजग किया जाएगा। इसके साथ ही वह पारिवारिक मूल्यों के लिए और कुटुम्ब प्रबोधन के कार्यक्रमों को गति दी जाएगी। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य संचालित होगा। लोक जागरण को वरीयता दी जाएगी। सामाजिक जीवन मूल्यों के प्रति लोगों को जागृत किया जाएगा। संघ राजनीतिक क्षेत्र में काम नहीं करता है। संघ के साथ किसी की कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। शाखा के इतर संघ के सभी आयामों में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रहती है। शाखा संघ का एक बड़ा आयाम है। इसमें स्वयंसेवक सुबह या शाम के समय संघ स्थान पर जाते हैं। बाकी संघ के सभी प्रकार के कार्यक्रमों जैसे प्रचार विभाग, कुटुम्ब प्रबोधन हो, सेवा हो या अन्य प्रकार के कार्यक्रमों के नीति निमार्ताओं व नीति निर्धारण करने वालों में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रहती है। जहां भी शाखाएं लगती हैं वहां तीन माह में एक बार पूरे परिवार के साथ सहभोज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और चर्चा आदि आयोजित किए जाते हैं। इसमें परिवार के सभी सदस्य सम्मिलित होते हैं। ऐसा करके एक प्रकार से संघ ने पूरे परिवार को साथ में जोड़ने का एक और नया आयाम दिया है। संवाद के माध्यम से सभी को संघ एकजुट करना चाहता है। संघ के नेता मुस्लिम बुद्धिजीवियों और उनके आध्यात्मिक नेताओं से उनके आमंत्रण पर ही मिल रहे हैं। मुस्लिम, इसाई अथवा विदेश से आने वाले प्रतिनिधिमंडल यदि वे संघ को समझने और उससे संवाद कायम करना चाहते हैं तो ऐसे सभी लोगों का संघ स्वागत करेगा। लेकिन राष्ट्र विघातक शक्तियों के विरुद्ध समाज को सजग करना अपरिहार्य होता है। भाषा,जाति या अन्य प्रकार के भेदों को दूर करते हुए संघ के कार्यकर्ता समाज को एकजुट करने का काम करते हैं। कुछ राजनीतिक शक्तियां अपने स्वार्थ के लिए समय-समय पर भाषा-जाति व अन्य प्रकार का विघ्न पैदा करते हैं। लेकिन समाज बहुत जागृत है। ऐसे लोग कभी सफल नहीं होंगे। भारत और समाज को तोड़ने वाली शक्तियां परास्त होंगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी लक्ष्य को लेकर समाज को एकजुट करने का कार्य करता रहेगा। विश्व कल्याण के उदात्त लक्ष्य को मूर्तरूप प्रदान करने हेतु भारत के 'स्व' की सुदीर्घ यात्रा हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रही है। विदेशी आक्रमणों तथा संघर्ष के काल में भारतीय जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ तथा सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व धार्मिक व्यवस्थाओं को गहरी चोट पहुंची। इस कालखंड में पूज्य संतों व महापुरुषों के नेतृत्व में संपूर्ण समाज ने सतत संघर्षरत रहते हुए अपने 'स्व' को बचाए रखा।

# हिंदुओं के त्योहार पर ही क्यों फैलती है अराजकता और हिंसा

गौरतलब | संजय सक्सेना

> **ज्यादा** पीछे न भी जाया जाये तो हाल फिलहाल में ही इस्लामी कट्टरपंथियों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में दुर्गा पूजा और हिन्दुओं को निशाना बनाया है। मुस्लिम कट्टरपंथियों ने कहीं पंडाल पर पथराव किया गया तो कहीं मूर्ति विसर्जन के जुलूस पर हमला हुआ, जुलूस के रास्तों को लेकर भी विवाद हुआ। उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल और असम तक पथराव और हिंसा हुई है। यह हिंसा हिन्दुओं के त्योहार नवरात्र के साथ ही चालू हो गई थी। हावड़ा के श्यामगंज में 13 अक्टूबर, 2024 को एक मुस्लिम भीड़ ने हिन्दू पंडालों पर हमला किया।

**यह** हिन्दुस्तान का दुर्भाग्य है कि यहां की बहुसंख्यक आबादी को अपने तीज-त्योहार मनाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हिन्दुओं के द्वारा कोई भी धाार्मिक आयोजन किया जाता है उस पर मुस्लिम कट्टरपंथियों का साया पड़ जाता है। हिन्दू जब भी कावड़ यात्रा निकाले,माता का जागरण कराये, मूर्ति विसर्जन को जाये या इसी तरह के अन्य कोई आयोजन करे तो मुस्लिम कट्टरपंथी कहीं उस पर पथराव करने लगते हैं तो कहीं रास्ता रोक कर खड़े हो जाते हैं। उनके इस कृत्य का विरोध होता है तो यह लोग तलवारें भांजने लगते हैं। आगजनी और पेट्रोल बम तो आम बात हो गई है,लेकिन पेट्रोल बम फोड़ने वाले तब जरूर आहत हो जाते हैं जब उन्हें कहीं पटाखों की आवाज सुनाई पड़ जाती है।

हालात यह है कि हिन्दुओं के छोटे से छोटे धार्मिक आयोजन भी बिना पुलिस की सुरक्षा के घेरे के पूर्ण नहीं हो पाते हैं। हिन्दुओं के देवी-देवताओं को कभी कला के तो कभी अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अपमानित किया जाता है। न जाने क्यों पांच टाइम लाउडस्पीकर पर चीखने चिल्लाने वालों को हिन्दुओं के धार्मिक आयोजनों में बजने वाला डीजे बेचैन क्यों कर देता है। इसी तरह से होली के रंग-गुलाल भी एक वर्ग विशेष के चंद कट्टरपंथियों के चलते साम्प्रदायिक हो जाता है। ऐसा नहीं है कि यह कट्टरपंथी तभी भड़कते हों जब हिन्दुओं के द्वारा अपना कोई धार्मिक जुलूस आदि सड़क पर निकाला जाता हो,हद तो तब हो जाती है जब हिन्दुओं के लिये अपने घरों में पूजा करना भी लड़ाई-झगड़े की वजह बन जाता है। गरबा या दुर्गा पूजा के पंडालो तक में यह मुस्लिम चरमपंथी पहुंच कर माहौल खराब करने से नहीं हिचकते हैं। इतना हीं कई बार तो इन अराजक तत्वों को वोट बैंक की राजनीतिक करने वाले नेताओं और पार्टियों का राजनैतिक संरक्षण भी मिल जाता है। यदि ऐसा न होता तो बहराइच में बेरहमी से मारे गये रामगोपाल मिश्र की हत्या पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक्स पर वह कथित वीडियो नहीं पोस्ट करते जिसमें रामगोपाल मिश्रा एक मुस्लिम परिवार के घर से हरा झंडा उतार कर भगवा झंडा लगाते हुए दिखाई दे रहा है। अखिलेश इस वीडियों के सहारे रामगोपाल मिश्रा को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं,जबकि इसका कानूनी पहलू यह है कि यदि रामगोपाल मिश्रा ने हरा झंडा उतार कर वहां भगवा झंडा फहरा भी दिया था तो हत्यारों को उसका कत्ल करने की छूट नहीं मिल जाती है।

## अपूर्णता से पूर्णता की ओर

**मनुष्य** का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं।

## राशिफल

**मेष** — आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**तुला** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है।

**वृष** — स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**वृश्चिक** — मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मिथुन** — कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**धनु** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**कर्क** — आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मकर** — किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**सिंह** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**कुंभ** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कन्या** — आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मीन** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### दुर्गापूजा समिति ने किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला** : दुर्गा पूजा समिति आदर के द्वारा रविवार शाम को शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिथि के रूप में उपस्थित थाना प्रभारी तरुण कुमार, पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार, पूजा समिति के अध्यक्ष बादल राम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व अतिथियों को चुनरीओढ़ा कर स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम में कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक हिंदी, नागपुरी एवं भोजपुरी गीत पेश किया गया। वहीं दर्शकों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का खूब लुफ्त उठाया। खास कर युवा वर्ग के लोग जमकर झूमते नजर आएं। इधर कार्यक्रम का सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट मूड में दिखी। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो जिसको लेकर जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए थे । मौके पर पप्पू गुप्ता, बासुदेव महतो, बिनोद राम,पिंटू गोप, गोपाल गोप सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### मिशन बदलाव ने डायन बिसाही वाले मामले व लड़ाई को सुलझाया

**गुमला** : मिशन बदलाव बटकुरीर की बैठक मिशन बदलाव के क्रांतिकारी सदस्य चंदन उरांव जी की अध्यक्षता में आहूत हुई। जहां पर आम चौपाल लगाया गया आम चौपाल के बीच ग्रामीणों के मूलभूत समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया। श्री चंदन उरांव ने कहा कि मिशन बदलाव के द्वारा गांव से शहर सभी जगह पर चौपाल लगाकर समस्याओं का समाधान के लिए पहल किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भूषण भगत, कालेश्वर गोप, ने कहा पूरे गांव में अंधविश्वास की कई ऐसे मामले हैं जिसके वजह से ग्रामीणों का भेदभाव और भाईचारा खत्म हो रहा है। उपरोक्त बैठक में एक मामला डायन बिसाही का चौपाल में उजागर हुआ। जहां पर मिशन बदलाव के चंदन उरांव भूषण भगत ने ग्रामीणों के साथ सर्व समिति से निर्णय लिया कि, अंधविश्वास संबंधी जो भी जादू टोना भगत और जो अन्य अंधविश्वास संबंधित पाखंडी काम करते हैं, वैसे लोग अगर गांव में आते हैं तो ऐसे लोगों के ऊपर कठोर कार्रवाई किया जाएगा और जो भी ग्रामीण भगत जादू टोना के बहकावे में आकर भाईचारा और प्रेम को खत्म करते हैं ऐसे लोगों को पुलिस को सूचना दिया जाएगा। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने बताया की भटकुरी में विरसमणी उरांव और मिथुन उरांव और कुछ परिवारों के बीच डायन बिसाहि मामला को लेकर लड़ाई चल रहा था। लगातार वाद विवाद होने से ग्रामीणों में भय का माहौल वयाप्त था। ग्रामीण हमेशा इन सभी अंधविश्वासों से लेकर परेशान थे सभी लोगों को चौपाल में बुलाकर दोनों परिवारों के समक्ष मामला का निष्पादन किया गया। आज के बैठक में आगामी लाइब्रेरी को बेहतर बनाने को लेकर युवा कमेटी के बीच भी बैठक किया गया, जहां युवाओं को प्रशिक्षित कर उनको पुस्तकालय बेहतर चलाने को लेकर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर में दो युवक घायल

**गुमला** : गुमला पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप सोमवार की रात 8 :00 बजे अज्ञात वाहन के टक्कर से अरमई बेहरा टोली निवासी 28 वर्षीय अनमोल उरांव और 26 वर्षीय राजू उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल भिजवाया वहीं घटना के बाद अज्ञात वाहन पालकोट की ओर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों युवक रायडीह प्रखंड के सीलम पंचायत के पांदन टोली गांव कर्मा पर्व मनाने गए थे। पर्व मना कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे तभी कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप पीछे से एक अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में दोनों बुरी तरह से घायल हो गए और सड़क पर गिरकर बेहोश हो गये। बता दे की विगत दो दिनों के अंदर कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप यह पांचवी सड़क दुर्घटना है।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने लोगों से की मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील, कहा

# मतदान में स्वयं भी हों शामिल, दूसरों को भी करें प्रेरित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पांडेपुर पंचायत के मानिकपुर व मुक्का एवं मोंगर पंचायत के मोंगर गांव में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ग्रामीणों से मतदाता पहचान पत्र के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जिनका भी वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है वे संबंधित




बीएलओ के पास जाकर जल्द से जल्द बनवा लें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि इस विधानसभा चुनाव में सभी मतदाता मतदान के लिए बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। साथ ही दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस बार विधानसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा कि सभी की भागीदारी से ही लक्ष्य को हासिल करने के साथ साथ मजबूत लोकतंत्र का निर्माण संभव है। इस दौरान उक्त तीनों जगह पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। साथ ही ग्रामीणों को मतदान की शपथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिलाई। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने घर घर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों के घरों पर पहुंचकर मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दीदियों द्वारा रंगोली बनाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उपनिर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहर मनोज तिवारी, डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार, बीएलओ, जेएसएलपीएस की दीदियां सहित अन्य उपस्थित थे।

### लातेहार व मनिका में होंगे 13 नवम्बर को चुनाव, 23 नवम्बर को मतगणना



**लातेहार** : लातेहार व मनिका विधानसभा का चुनाव पहले चरण में 13 मतदान होगा तथा 23 नवंबर को चुनावी परिणाम आयेगा। इसकी जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने मंगलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर दी। उन्होंने बताया कि जिले के दोनों विधानसभा सीटों के लिए 567389 लाख से ज्यादा मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए कुल ६७९ मतदान केंद्र होंगे। मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, डीडीसी सुरजीत कुमार,अपर समाहर्ता रामा रविदास समेत अन्य मौजूद रहे।

## जिप सदस्य ने सुभाष पार्क के हुए सुन्दरीकरण सह चबूतरा निर्माण कार्य का किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरवाडीह/लातेहार** : बरवाडीह प्रखंड के पश्चमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा अपने 15वे वित के मद से सुभाष पार्क के हुए सुंदरीकरण सह चबूतरा निर्माण कार्य का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। सुंदरीकरण कार्य के उद्घाटन के पूर्व पुजा अर्चना करने के बाद जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, महिला समिति अध्यक्ष रेखा पाठक, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप सिंह यादव, पूर्व पंचायत समिति सुनीता पाल, ईसीआरकेयू कार्यकारणी अध्यक्ष चंदन कुमार, समेत अन्य अतिथियों के द्वारा विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया गया। पार्क के सुंदरीकरण कार्य के उद्घाटन के बाद जीप सदस्य ने कहां की सुभाष पार्क प्रखंड के लिए विरासत हैं और इसको बेहतर बनाने का प्रयास हम सब को मिलकर करना हैं और इसी उदेश्य से सुंदरीकरण कार्य की शुरूआत की गई हैं और जल्द ही महिलाओं और बच्चों के लिए ओपन पार्क की स्थापना सुभाष पार्क में होंगी। इस दौरान मौके पर भाजपा महामंत्री मनोज प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, साहिल सिंह पवन शर्मा, यशी सिंह निहारिका कुमारी अमृता रश्मि, विकास पासवान, अभिषेक पासवान यश पासवान, गौरव यादव, कुसुम सिंह, आरती देवी सरोज देवी, ज्योति देवी, विद्या भूषण, ऋषि कुमार, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## तेज धारदार हथियार से युवक की हत्या, 04 घंटे बाद उठा शव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खामडीह के पूणार्डीह में एक युवक की सोए अवस्था में तेज धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन एवं स्थानीय लोगों ने पुलिस के वरीय अधिकारियों को मौके पर आने औ? खोजी कुत्ता से जांच करने की मांग को लेकर 4 घंटे तक डेड बॉडी को उठने नहीं दिया। हालांकि बाद में थाना प्रभारी अंचित कुमार के समझाने पर लोगों का आक्रोश शांत हुआ और पुलिस डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भेजा। युवक की पहचान इसी टोल के निवासी 24 वर्षीय सकेंद्र साव पिता सरेश साव के रूप में हुई है। घटना के पीछे जमीन विवाद और पैसों के लेनदेन की चर्चा है। पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है और जल्द



खुलासा होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह सकेंद्र साव सोमवार रात पुराने घर से भोजन करके सोने के लिए नवनिर्मित पक्के मकान में चला गया था मंगलवार की सुबह उसकी डेड बॉडी मकान के बरामदे में खून से लथपथ पाई गई। उसके सिर पर तीन जगह गड़ासा से वार करने के निशान पाए गए। घटना के क्रम में युवक बचने और भागने का प्रयास कर रहा होगा। ऐसे में उसकी बॉडी मकान के पिलर के पास मिली। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और डेड बॉडी को कब्जे में लेने की कोशिश की तो परिजन और स्थानीय लोगों ने शव उठने नहीं दिया और पुलिस के सीनियर अधिकारी को मौके पर बुलाने और खोजी कुत्ता से जांच करने की मांग पर अड़ गए। हालांकि थाना प्रभारी ने लोगों को समझा बूझकर डेड बॉडी को उठाई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी के अनुसार मामला पैसों के लेनदेन और जमीन विवाद से जुड़ा हो सकता है।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये शिक्षा परियोजना व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के कर्मी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार** : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद संघ व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संघ अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ज्ञात हो कि पिछले 8 अक्टूबर को दोनों संघ ने मिलकर एक साथ आंदोलन करने को लेकर विलय कर लिया था। दोनों संघ के विलय के बाद कर्मियों ने आंदोलन को तेज करते हुए संपूर्ण झारखंड में हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे कई कार्य प्रभावित होंगे और कस्तूरबा विद्यालय में पठन पाठन पर ब्रेक लग गया। इस संबंध में लातेहार जिला शिक्षा परियोजना परिषद संघ के सचिव व चंदवा बीपीओ सुबोध कुमार चंदेल ने कहा है कि हमारी मुख्य मांगो में समान काम समान वेतन के साथ-साथ 50 फीसदी वेतन बढ़ोतरी करते हुए पेंशन एपीएफ एवं मेडिकल भत्ता देने और 10 साल से अधिक सेवा देने वाले कर्मियों का सीधा समायोजन करने की मांग शामिल है। आगे श्री चंदेल ने कहा कि तीन सूत्री मांगो लेकर संघ के द्वारा 5 अक्टूबर को जिला स्तर और सात व आठ अक्टूबर को राज्य स्तर पर शांतिपूर्ण आंदोलन किया गया था, पर राज्य सरकार हमारी मांगों पर गौर नहीं किया, जिसके स्वरूप मजबूरन आज से हम सभी कर्मियों को हडताल पर जाने को मजबूर हुए हैं।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की बैठक

## साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष व निर्भीक होकर करें मतदान : उत्कर्ष गुप्ता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के दृष्टिगत सभी कोषांग आपसी समन्वय के साथ अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना




सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी सभी अधिकारियों को देते हुए उन्होंने कहा कि अब समय कम रह गया है ऐसे में अधिसूचना के साथ आदर्श आचार संहिता के लागू होते ही चुनाव के दौरान इसका पालन सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने मतदाताओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी मतदान केंद्रों का पुनः विश्लेषण करने का निर्देश दिया। उन्होंने चुनाव स्थल, मतपेटिकाओं को ले जाने हेतु वाहनों की आवाजाही, प्रशिक्षण एवं नामांकन की प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया। चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रभारी पदाधिकारी कार्मिक कोषांग को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संबंधित डाटा बेस तैयार करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए।

## महुआडांड़ में 11वीं शरीफ के मौके पर हुआ मिलादखानी व लंगरखानी का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडांड़ जामा मस्जिद में 11वीं शरीफ के मौके पर कुरान खान ए मिलाद खान का आयोजन किया गया। इस मौके पर सबसे पहले मस्जिद की तलवा के द्वारा कुरान की तिलावत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद कई तलवारों के द्वारा गौसे पाक की शान में एक से बढ़कर एक नाथ व शीदे पढ़े गए। मौके पर गुलाम मुस्तफा रजा, हर वली से उंचा है रुतबा गौसे आजम का,कुल जहां में चलता है सिक्का गौसे आजम का।नात खुबसूरत अंदाज में पढ़ी वहीं हाफिज व कारी नदीम अख्तर ने मोक्ददर से मिला जिसको करीना गौसे आजम का।उसे हाशिल हुआ है जाम



पिना गौसे आजम का।मौके पर हाफिज जिशान रजा फैजी, आसिम रजा,समेत अन्य के द्वारा नात व मनकबत पढ़ी गई। वही मौलाना रेयाजूद्दीन रिज्वी साहब व मौलाना अब्दुल मजीद,के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच गौसे पाक अब्दुल कादिर जिलानी की जीवनी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि अब्दुल कादिर जिलानी वालियों के सरदार हैं। इन्हें वालियों का इमाम कहा जाता है। बचपन से ही इन्हें अल्लाह ताला बहुत सारी कमालात से नवाजा था। जब भी अपने मां के सितम में थे तो कुरान के कई पारों के हाफिज थे। एक बार गौसे पाक की वालिदा मोहतरमा अंगूर के टहनियों से अंगूर तोड़ना चाह रही थी।

## 13 सूत्री मांगों को लेकर ग्रामीणों ने दिया समाहरणालय परिसर में धरना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : लातेहार जिले के चंदवा प्रखण्ड के ग्राम चकला, अरन्डियाटांड़, पढुवा एवं हरैया टोला के ग्रामीणों ने हिडाल्को के खिलाफ मंगलवार को समाहरणालय परिसर में धरना दिया। धरना दे रहे ग्रामीणों का आरोप है हिन्डालको चकला में नक्सा के आधार पर चकला के कोल ब्लॉक हिन्डालको को मिला, परन्तु कम्पनी सर्वे के स्थान पर लोगों को चिन्ह कर जमीन ले रही है और गरीबों का जमीन औने पौने दाम पर हड़क रही है । सर्वे में चकला बस्ती सहित पिलरिंग सीएमपीडीआई के द्वारा करवाया गया। सरकार से उसी नक्सा पर कोल माईन्स हिन्डालको का चकला कोल माईन्स के नाम से मिला है। परन्तु कुछ ही हिस्सा चकला बस्ती को लेकर कुछ बस्ती को छोड़ दे रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी के द्वारा पुरे गांव बस्ती की रजिस्ट्री पर रोक लगवा कर रखा है, जिसके चलते गोव के कोई व्यक्ति को बीमारी या शादी विवाह की जरूरी में जमीन बेचना पड़े तो बिक्री नहीं हो सकता है।

## एमके डीएवी के छात्रों ने किया मिसाइल मैन को नमन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के छात्रों ने विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में मिसाइल मैन कहे जाने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत- रत्न, डॉक्टर ए.पी.जे अब्दुल कलाम को उनकी 93 वीं जयंती पर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री आलोक कुमार द्वारा वरिष्ठ शिक्षकों के साथ डॉक्टर कलाम के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। तत्पश्चात डॉक्टर कलाम के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्राएं आकांक्षा तिवारी एवं अंजलि ने डॉक्टर कलाम को महान वैज्ञानिक, उच्च कोटि का देशभक्त एवं सरल हृदय व्यक्ति बताया। छात्राओं ने डॉक्टर कलाम जी के जीवन की कठिनाइयो एवं संघर्षों को रेखांकित करते हुए उनके आदर्शों एवं देश हित के कार्यों की कोटि-कोटि प्रशंसा की। छात्राओं ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति जी को बच्चों से अधिक लगाव था। वे प्रायः छात्रों के बीच रहना पसंद करते थे। आई.आई.एम शिलांग में छात्रों को संबोधित करते हुए हृदयाघात के कारण उनका निधन हो गया। उन्होंने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु अनेक मिसाइलो के निर्माण में सहयोग किया, जिसके कारण उन्हें 'मिसाइल मैन' के नाम से जाना जाने लगा। डॉक्टर कलाम के आदर्श एवं राष्ट्रभक्ति की भावना हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक श्री सी.एस.पांडे,श्री ए. के. पांडे,श्री नीरज श्रीवास्तव, श्री आर.के. चौबे, श्रीमती रागिनी श्रीवास्तव, श्री अमित त्रिपाठी उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक श्री कन्हैया राय थे।

## जनता करे बदलाव, रोजगार सृजन के लिए पलामू में लगेंगे नये उद्योग धंधे : रुचिर तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने बदलाव यात्रा के 24 वां दिन चैनपुर प्रखंड के बांसडीह पंचायत के ग्राम बांसडीह, महुगांवा, तालापारा, इंद्रा नगर, में आम जनता से मिलकर उनकी जन समस्याओं से अवगत हुआ और उन्होंने कहा कि भाजपा का परिवर्तन यात्रा सिर्फ सत्ता परिवर्तन चाहती है वह आम जनता का विकास नहीं चाहती वहीं कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा आम जनता के लिए एक छलावा है ऐसी स्थिति में सीपीआई का यह बदलाव यात्रा लोगों के जीवन एवं रहन-सहन में बदलाव करेगी यहां के नौजवानों को रोजगार एवं नौकरी



करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा पलामू में ही उद्योग धंधा लगेगा किसानों के सभी खेतों में पानी पहुंचाएगा किसान मजदूर छात्र नौजवान खुशहाल होंगे जरूरत है इसके लिए भाकपा उम्मीदवार के हाथों को मजबूत करने की। बदलाव यात्रा में कम्युनिस्ट नेता अभय कुमार भूइंया ने कहा कि दलितों गरीबों मजदूरों के विकास के लिए भाजपा के विधानसभा उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी के पक्ष में आम जनता गोलबंद होकर मजबूती के साथ काम करें।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी संग की समीक्षात्मक बैठक

# एक साथ एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों का करें निर्वहन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की।बैठक के दौरान उन्होंने कोषांगवार विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से इलेक्शन मोड में रहने की बात कही, उन्होंने कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है ऐसे में आवश्यकता है कि सभी लोग एकसाथ एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है,उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपने देख-रेख में ससमय पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी से विभिन्न स्तर के प्रशिक्षणों की तिथि से अवगत हुए, वहीं निर्वाचन कोषांग द्वारा अबतक किये गये कार्यों की भी

विधानसभा चुनाव 2024




जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने संबंधितों को मतदान कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने, लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने,पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने, वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन, कार्मिक, वाहन, सामग्री, आदर्श आचार संहिता, मीडिया, प्रशिक्षण, प्रेक्षक, सहित अन्य कोषांगों का समीक्षा कर कई अन्य निर्देश दिये। उन्होंने इलेक्शन के सफल संचालन हेतु निर्वाचन आयोग का हैंड बुक में दिए गये निदेर्शों का पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अंतर जिला पर चेकिंग अभियान को सक्रीय करने के निर्देश दिये।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के दौरान 24,48 व 72 घण्टे के प्रोटोकॉल को अनिवार्य रूप से लागू करने पर बल दिया। स्वीप कोषांग को विशेषकर स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए स्वीप के गतिविधियों के संचालन पर बल दिया गया। एफएसटी व एसएसटी के टीमों को सक्रियता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने की बात कही गयी।मौके पर उप विकास आयुक्त, मेदिनीनगर नगर आयुक्त, तीनों एसडीओ, अपर समाहर्ता, समेत विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक झलक

### बाइक की टक्कर से युवक गम्भीर रूप से घायल

**गुमला** : गुमला पालकोट रोड स्थित बेहरा टोली के समीप मंगल वार की शाम 6 बजे बाइक के टक्कर से घाघरा देवाकी निवासी 25 वर्षीय रवि भगत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सिर सहित पूरे शरीर में काफी चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक युवक कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। शाम को पैदल ही सब्जी खरीदने बेहरा टोली गया था। और सड़क पार कर सब्जी दुकान की ओर जाने लगा तभी डुमरडीह की ओर से एक बाइक सवार तेज रफ्तार से टक्कर मार दिया। बाइक में दो लोग सवार थे और एक खाली सिलेंडर पकड़े थे। घटना के बाद दोनों युवक बाइक और सिलेंडर को छोड़ कर फरार हो गये।

### अज्ञात वाहन की टक्कर में दो बाइक सवार घायल

**गुमला** : सदर थाना क्षेत्र के चपका गांव के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में अरमई महुआ टोली निवासी 18 वर्षीय महादेव उरांव और अल्मोरा करंज निवासी 31 वर्षीय छोटू उरांव शामिल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों युवक बाइक से कर्मा पर्व मनाने घाघरा गए थे। वापसी के क्रम में चपका के समीप अज्ञात वाहन पीछे से टक्कर मार दिया।

### लक्ष्मी पूजा की तैयारी में जुटीं कमेटियां

**जमशेदपुर** : बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में आने वाले बुधवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर पारुलिया, मालुआ, रगुनिया, खांडामौदा, जगन्नाथपुर, गोहालडीह, मौदा गांव में धन-धान्य की देवी माता लक्ष्मी की आराधना भक्ति भाव से किया जाता है। पूजा कमेटी ने बताया कि बुधवार की देर रात माता लक्ष्मी की प्राण प्रतिष्ठा होगी। वहीं मां लक्ष्मी की पूजा को लेकर कमिटी के सदस्यों ने जर्बदस्त तैयारी की है। दुर्गा पूजा के सात दिन बाद लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया जाता है। मालुआ व पारुलिया में गुरुवार और शुक्रवार को दो दिवसीय मेला को लेकर पूजा केन्द्र पर आकर्षक साज-सज्जा ती जा रही है। वहीं दो दिवसीय मेला में स्थानीय प्रशासन व पूजा कमिटी द्वारा चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था की जाती है। मूर्तिकार भी मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे हैं। स्थानीय मूर्तिकार गोलक पाल व बिलटू पैड़ा ने कहा कि अभी के समय में महंगाई की मार है। मूर्ति बनाने पर मुनाफा पहले जैसा नहीं मिलता है।

### छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर पुरेन्द्र ने की बैठक

**जमशेदपुर** : लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति ने मंगलवार को बैठक की। समिति के अध्यक्ष सह आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने बैठक के बाद उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला और एसपी मुकेश कुमार लुणायत के कार्यालय में ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में आदित्यपुर-गम्हरिया क्षेत्र के सभी छठ घाटों की मरम्मत, साफ-सफाई, नदी के घाटों की साफ-सफाई, सभी छठ घाटों की पहुंच पथ की मरम्मत, साफ- सफाई, सभी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट लाइट एवं खराब पड़े चापाकल तथा डीप बोरिंग की मरम्मत युद्ध स्तर पर शुरू कराने की मांग की है।

## आदर्श आचार संहिता लागू, 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान 13 नवम्बर को

# मतदान केन्द्रों पर होगी पर्याप्त सुरक्षा, पुलिस जवान रहेंगे तैनात : पुलिस अधीक्षक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। इसी को लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा इस मौके पर उन्होंने निर्वाचन संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इसके अंतर्गत प्रथम चरण के तहत मतदान प्रक्रिया के लिए 18 अक्टूबर 2024 को नोटिफिकेशन जारी होगा, जिसके बाद नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी और 25 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। नामांकन की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर 2024 को होगी। नामांकन वापस लेने के लिए अभ्यर्थी के पास 30 अक्टूबर 2024 तक का समय रहेगा। मतदान 13 नवंबर 2024 होंगे। मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए पूरी तैयारी की गई है। जगह-जगह चेकपोस्ट पर एसएसटी की टीम मौजूद रहेगी और एफएसटी टीम द्वारा मामला संज्ञान में आने पर कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित रिपोर्टिंग भी की जा सकेगी।




**कुल 04 लाख 05 हजार 190 मतदाता**

**जिला** निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में 429 मतदान केंद्र हैं, जिनमें कुल 4 लाख 05 हजार 190 मतदाता हैं। मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए पदाधिकारियों को आवश्क निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

**कोषांगों का गठन**

**जिला** निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि 19 कोडरमा विधानसभा आम निर्वाचन क्षेत्र में स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु विभिन्न कोषांगो का गठन किया गया है। निर्वाचन, निर्वाचन नजारत, कार्मिक, वाहन, मतपत्र, इवीएम वीवीपैट, सामग्री, प्रशिक्षण, प्रेक्षक, स्वीप, मीडिया, आदर्श आचार संहिता, जन शिकायत, विधि व्यवस्था समेत अन्य कोषांग का गठन किया गया है।

**सुरक्षा के पूरे इंतजाम**

**पुलिस** अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पूरे इंतजाम मतदाताओं के लिए रहेंगे। आवश्यकतानुसार फोर्स की तैनाती रहेगी। आवश्यकतानुसार बूथ की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लिये जायेंगे। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण रहा था। इस बार भी जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मौके पर मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकारगण मौजूद रहे।

## लोहरदगा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक

# मॉडल बूथ में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा** : उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर सभी कोषांगों के वरीय, नोडल और प्रभारी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी कोषांगों को दिये गये दायित्वों को पालन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्वाचन को त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए सभी कोषांगों की भूमिका पर चर्चा की गई। पोस्टल-बैलेट कोषांग को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराते समय निश्चित रूप से एपिक कार्ड मतदाता द्वारा प्रस्तुत कराना



सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग को त्रुटिहरित और प्रत्येक बिंदु का प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं उत्पन्न हो। पीठासीन पदाधिकारी समेत सभी मतदान पदाधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण का निर्देश दिया गया। मतदान के दौरान मतदाताओं के पंक्ति/कतार का बेहतर प्रबंधन किये जाने का निर्देश दिया गया। सभी मतदान केंद्रों में एएमएफ सुनिश्चि करने, साइनेज सुनिश्चित किये जाने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिये गये। मॉडल बूथ में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रत्याशियों के नामांकन व स्क्रूटनी में विशेष सावधानी का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर द्वारा सभी कोषांग के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों व बिंदुवार जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। आदर्श आचार संहिता के दौरान पहले चौबीस, अड़तालीस व बहत्तर घंटे में की जाने वाली कार्रवाई, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, प्रशिक्षण, एफएसटी/वीएसटी के कार्य, मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं व उनकी रिपोर्टिंग समेत अन्य जानकारी दी गई। बैठक में तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

# आरआईएस में स्टूडेंट्स के आईकॉन, मशहूर साइंटिस्ट और सफल राष्ट्रपति का जन्मदिवस और छात्र दिवस मना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती (15 अक्टूबर 1931) मनायी गयी। प्रोग्राम की शुरूआत ए पी जे अब्दुल कलाम के चित्र पर मल्यारपन करके की गयी। विद्यालय के कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों ने अनेक प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें मैं हूं कलाम आदि थे। स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल घोष ने डॉ. कलाम की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करने को प्रेरित किया। विज्ञान शिक्षक एमडी इकबाल ने डॉ. कलाम द्वारा अपनी मां के नाम पर रचित एक कविता को पढ़कर सुनाया और कहा कि किसी




भी महान व्यक्ति के जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए। वरिष्ठ शिक्षक ए के लाल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति एक दिन में महान नहीं बनता है। महान बनने के लिए उनके संघर्षो से हम सब को सीख लेनी चाहिए। देश की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए डॉ. कलाम ने मिसाइल की ताकत से भारत को लैस करने वाले डॉ. कलाम सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने देश की सेवा के लिए विदेशों में मिलनेवाली नौकरी को ठुकरा दिया था। स्कूल के शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने डॉ. कलाम के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। स्कूल की डायरेक्टर संपा सिंह ने बताया की यह दिन विश्व छात्र दिवस रूप में मनया जाता यह दिन हर साल देश के पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है।

# झुमरीतिलैया जैन समाज ने किया गुवाहाटी से आये तीर्थयात्रियों का स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : रेहाबाड़ी यात्रा संघ ,गुवाहाटी से आये जैन तीर्थयात्रियों का स्वागत श्री दिगंबर जैन समाज झुमरीतिलैया के पूर्व मंत्री ललित कुमार जी सेठी के द्वारा किया गया। ज्ञात हो की गुवाहाटी से लगभग 51 तीर्थयात्री गुवाहाटी से चलकर कानकी,चम्पापुर, राजगीर, पावापुरी, कुंडलपुर होते हुए कोडरमा पहुंचे जहां पर समाज के लोगों ने संघपति प्रदीप गोधा तथा ज्ञानचंद-निशा काला सहित सभी तीर्थयात्रियों को माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और समाज के सुबोध गंगवाल ने स्वागत गीत गाकर सभी यात्रियों का अभिवादन किया इस अवसर पर समाज के पूर्व मंत्री ललित सेठी, सुरेश झांझरी, सुशील छाबड़ा, उप मंत्री नरेंद्र झांझरी, सह मंत्री राज छाबड़ा कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला ने आगंतुकों के स्वागत में कहा कि हमारा सौभाग्य कि हम सभी को पंच तीर्थ यात्रा करते हुए तीर्थराज सम्मेदशिखर जी जाने के क्रम यात्रियों का स्वागत करने का सौभाग्य मिल जाता है साथ ही ललित सेठी,संदीप सेठी,आशीष सेठी, ओर महिला समाज की अध्यक्षा नीलम सेठी ने संयुक्त रूप से कहा की पंच तीर्थ की यात्रा करना बहुत ही पुण्यदायी होता है।

# अवैध बालू ले जाते 02 वाहन जब्त, 01 गिरफ्तार

## आदित्यपुर थाना में मामला दर्ज, पुलिस कर रही है आगे की कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : आदित्यपुर पुलिस ने सोमवार की रात अवैध बालू खनन के खिलाफ अभियान चलाकर दो वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई खनन विभाग और एसपी के निर्देश पर हुई है। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। फिर भी अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में बालू घाटों से अवैध बालू खनन का खेल जारी है। इस क्रम में सोमवार की रात आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भाटिया बस्ती और आरआईटी मोड़ से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर और एक टाटा 407 जब्त किया गया है। हालांकि एक वाहन का चालक भागने में सफल रहा, लेकिन दूसरा चालक पकड़ लिया गया है। आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर छापामारी करते हुए थाना क्षेत्र के भाटिया बस्ती व आरआईटी मोड़ के पास से एक ट्रैक्टर और एक टाटा 407 गाड़ी को जब्त किया है। गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर और टाटा 407 गाड़ी बिना चालान का बालू ले जा रहा है। इस सूचना के बाद भाटिया बस्ती के पास दोनों गाड़ियों को रोका गया। इसके पूर्व ही गाड़ी चालक पुलिस को देखते ही भागने लगे, जिसमें एक चालक को दबोच लिया गया है और दूसरा भागने में सफल रहा। दोनों गाड़ियों को थाना लाया गया। पुलिस अवैध खनन का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।




# एनसीसी कैडेट्स के लिए राष्ट्रीय एकता का प्लेटफॉर्म, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कैम्प शुरू




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : नेशनल लेवल कैंप एक भारत श्रेष्ठ भारत-1 बिहार एंड झारखंड निदेशालय के तत्वाधान में ग्रुप हेड क्वार्टर हजारीबाग के कमांडर राजेश केरल के नेतृत्व में 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सिंह मिडिल के मार्गदर्शन में सैनिक स्कूल तिलैया के प्रांगण में आयोजित शिविर एक भारत श्रेष्ठ भारत-1 के पहले दिन भारत के भिन्न-भिन्न राज्यों से आए 650 एनसीसी कैडेट का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत जम्मू एंड कश्मीर लद्दाख बिहार एवं झारखंड के विभिन्न रूपों से आए क्रेडिट के आगमन के पश्चात शिविर में रहने की संक्षिप्त व्यवस्था की गयी है इस शिविर में भिन्न-भिन्न राज्यों से 12 एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर 4 गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर जूनियर कमीशन ऑफिसर परमानेंट इंस्ट्रक्टर कैंप के सफल आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर के एनसीसी ऑफिसर सह नोडल ऑफिसर मीडिया लेफ्टिनेंट संतोष कुमार ने बताया बताएं कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप का मुख्य उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों से आए एनसीसी कैडेट एक दूसरे राज्य के संस्कृति परंपरा रीति रिवाज का इस शिविर के माध्यम से आदान-प्रदान होता है इस शिविर के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है भिन्न-भिन्न भिन्न-भिन्न राज्यों से आए एनसीसी कैडेट को भिन्न-भिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेने का अवसर मिलता है जिसके अंतर्गत वेपन डिस्प्ले स्पोर्ट्स कंपटीशन नेशनल इंटीग्रेशन अवेयरनेस प्रोग्राम रीजनल फेस्टिवल ग्रुप सॉन्ग ग्रुप डांस क्विज कंपटीशन इंटरग्रुप एक्टेंपोर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आदि गतिविधियों की जायेगी।

## नीरा यादव ने नगर पंचायत डोमचांच में 17 विभिन्न योजनाओं का एकीकृत किया शिलान्यास

# विकास के लिए हमेशा से कृत संकल्पित रही हूं : डॉ. नीरा यादव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा की लोकप्रिय विधायक डॉ. नीरा यादव ने डोमचांच नगर पंचायत के ढाब रोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप नगर अन्तर्गत होनेवाले 17 विभिन्न कई विकास योजनाओं का सामूहिक एकीकृत शिलान्यास एक जगह पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर किया। एक ही जगह कार्यक्रम स्थल पर शिव मंदिर से रामचन्द्र पासवान के घर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-01,सुरेन्द्र मेहता के घर से रामेश्वर विश्वकर्मा घर तक ढक्कन



सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-13, सुरेश मिर्धा के घर से संजय राम एवं बाजार हाट तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-09, दीना कान्दू के घर से शिव सागर शितला माता मंदिर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-06, राजशेखर सिंह के घर से मनोज मेहता एवं जीतू सिंह, प्रदीप सिंह घर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-06, गुहारी तालाब (गिरीडीह रोड) से ढाब रोड तक पी०सी०सी० एंव पेबर ब्लॉक निर्माण वार्ड नं0-08, रिधि सिद्धि मंदिर के सामने पेबर ब्लॉक निर्माण वार्ड नं0-13, रजाक मियाँ के घर से प्राथमिक विद्यालय महथाडीह तक पी०सी-०सी० एंव पेबर ब्लॉक निर्माण वार्ड नं0-03, बिक्की साव के घर सरकारी पेन नाग बाबा मंदिर के आगे प्राथमिक विद्यालय तक तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-03, महेशपूर बंजरगबली मंदिर से केदार सूण्डी के घर होते हुए डोमन सुण्डी के घर पास के तालाब तक रोड एंव क्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-13, गुहदर पार्क निर्माण कार्य वार्ड नं0-13, भागवत मेहता के घर से विघनविनाशिनी मंदिर होते हुए ढाब रोड तक पी०सी०सी० रोड निर्माण कार्य वार्ड नं.-07, ढाब रोड से शितला माता मंदिर तक पेबर ब्लॉक निर्माण कार्य वार्ड नं0-06, नाग बाबा मंदिर से श्रीराम चौक तक पी०सी-०सी० निर्माण कार्य वार्ड नं0-03, राहूल साव के घर से नाग बाबा मंदिर तक पी०सी०सी० निर्माण कार्य वार्ड नं0-03, अशोक मेहता के घर से राजू मेहता के घर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-05,अशोक मेहता के घर से राजू मेहता के घर पी०सी०सी० निर्माण वार्ड नं0-05 शिलान्यास शामिल था।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
**ई–मेलः– rdsdgumla123@gmail.com**

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1049 दिनांक 11.09. 2024 द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **RDD/SD/GUMLA/17/2024-25** जिसका पी०आर०(PR)सं०–335436 Rural Development (24-25)*D है, जो की तकनीकी कारणों से रद्ध किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला

PR 338972 (Rural Development)24-25*D

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में मनी पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की जयंती

- रामेश्वरम के छोटे से गांव से उठ कर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बनने की प्रेरक कहानी छात्रों के लिए बनी प्रेरणास्त्रोत : प्रमोद शर्मा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : सेक्रेड हार्ट स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति और भारतरत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6वीं और 7वीं के छात्रों ने डॉ. कलाम की जीवन यात्रा और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा द्वारा डॉ. कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. कलाम के संघर्षमय जीवन और उनकी महान उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि डॉ. कलाम का जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम के एक छोटे से गांव में हुआ था और उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा हासिल की। एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में अपनी पढ़ाई पूरी कर वे वैज्ञानिक बने और भारत के मिसाइल कार्यक्रम में अहम योगदान दिया। पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर इसरो में बैलिस्टिक मिसाइल और रॉकेट विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिससे उन्हें मिसाइल मैन का खिताब मिला। शर्मा ने यह भी कहा कि उनकी असाधारण नेतृत्व क्षमता और निस्वार्थ सेवा के कारण उन्हें सर्वसम्मति से भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में चुना गया।कार्यक्रम में छात्रों ने भी डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं। कक्षा 6वीं और 7वीं के छात्रों ने भाषण और पेंटिंग के माध्यम से डॉ. कलाम के योगदान और उनके जीवन की झलकियां प्रस्तुत कीं। कौशुभी काव्य, इल्मा परवेज, साक्षी सिंह, हर्षिका सोनी और अभिनव कुमार ने अपने प्रेरक भाषणों के जरिए डॉ. कलाम के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं का चित्रण किया। इस कार्यक्रम का संचालन छात्रा संध्या कुमारी ने किया, जो ऐक्टिविटी कोर्डिनेटर किशोर कुणाल की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा बनाई गई डॉ. कलाम की पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई। सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग को डिसप्ले बोर्ड पर सम्मानपूर्वक प्रदर्शित किया गया। इस प्रेरक कार्यक्रम को सफल बनाने में कई शिक्षकों और कोऑर्डिनेटरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कोऑर्डिनेटर आशुतोष गौतम, ऐक्टिविटी कोर्डिनेटर किशोर कुणाल, साइंस शिक्षक सुमित साव के साथ अनमोल रतन, रजनी बाला, सीमा जैन, और रमेश कुंज ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग दिया। डॉ. कलाम के आदर्श और उनका जीवन आज भी लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सेक्रेड हार्ट स्कूल के इस आयोजन ने न सिर्फ छात्रों को उनके जीवन से प्रेरित किया, बल्कि उनके व्यक्तित्व के प्रति आदर और सम्मान का भाव भी जगाया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या **01/JMT/2024-25**, PR No. **326381, Relocation of Defunct Tube Well of 125 mm x 115 mm dia x 60 Mtr Deep Av) Drilled Tube Well complete with Installation of India Mark II H.P (IS 15500 Part-2/2004) etc all complete job in different blocks under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for 2024-25 On "Turn Key Basis"** को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

PR 338995 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

## एक झलक

### प्रदेश स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता 23 से

**लखनऊ :** पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष पर राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष हाकी प्रतियोगिता का आयोजन मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम झांसी में 23 से 28 अक्टूबर को होगा। इसके लिए जिला और मंडल स्तर की टीमों के जल्द चयन के लिए खेल निदेशालय से निर्देश दिया गया है। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने मंगलवार को बताया कि लखनऊ में जिला स्तरीय चयन की प्रक्रिया 18 अक्टूबर को अपराह्न तीन बजे विजयंतखंड स्टेडियम में होगी। वहीं मंडल स्तर पर चयन प्रक्रिया 19 अक्टूबर को अपराह्न तीन बजे से ही विजयंतखंड स्टेडियम में ही किया जाना है। इसके लिए लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के क्रीड़ा अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है। मंडल स्तर के खिलाड़ी जो चयनित होंगे। वे प्रदेश स्तरीय खेल में भाग लेंगे। सभी जिलों से जिला स्तरीय खिलाड़ियों की चयन की प्रक्रिया के बाद 18 अक्टूबर की शाम को ही मंडल पर सूची उपलब्ध करानी है, जिससे 19 अक्टूबर को मंडल स्तरीय टीम की चयन प्रक्रिया पूरी हो सके।

### टेस्ट क्रिकेट में हालात के अनुसार ढलना पड़ा है : अश्विन

**बेंगलूर :** भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट सबसे उच्च स्तर का क्रिकेट होता है और इसमें हालातों के अनुसार अपने को ढ़ालना पड़ता है। बीसीसीआई के एक वीडियो में अश्विन ने ये बातें कही हैं। इसमें अश्विन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में हर दिन खिलाड़ियों को हालात के हिसाब से ढलना पड़ता है और नयी रणनीतियां अपनानी पड़ती हैं। अश्विन ने कहा, टेस्ट क्रिकेट हमेशा अनुकूलन के बारे में है। आप पांचवें दिन का खेल वैसे नहीं शुरू कर सकते जैसे पहले दिन किया था। हर दिन आपको हालात के हिसाब से ढलना जरूरी होता है। यही वजह है कि इसे क्रिकेट का शीर्ष स्तर कहा जाता है। बांग्लादेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अश्विन अब न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 527 विकेट लिए हैं।

### सलीमा को 20 लाख, उदिता को मिले सबसे ज्यादा 32 लाख

**नयी दिल्ली :** महिला हॉकी खिलाड़ियों के लिए बुधवार को पहली बार महिला हॉकी लीग के लिए हुई नीलामी में सभी टीम ने खिलाड़ियों पर जमकर बोली लगायी। हैरानकी बात ये रही कि युवा खिलाड़ियों पर अनुभवी खिलाड़ियों से ज्यादा रकम लगायी गयी। भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे, युवा खिलाड़ी उदिता दुहान, लारेमसियामी हमरजोटे और पूर्व कप्तान सविता पूनिया को टीमों ने खीरीदा। सभी टीमों के पास दो करोड़ रुपये का पर्स था जिसमें से उन्हें 24 खिलाड़ी खरीदने थे। सलीमा टेटे को सूरमा हॉकी क्लब ने 20 लाख रुपये में खरीदा। वहीं दिन की सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं डिफेंडर उदिता दुहान रहीं। उदिता के लिए कई टीमों ने बोली लगायी अंत में सूरमा और बंगाल के बीच मुकाबला हुआ जिसमें उदिता को बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रुपये में खरीदा।

## आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल 2024

# सोनम ने 10 मी. एयर राइफल में जीता रजत




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय निशानेबाज सोनम उत्तम मस्कर ने मंगलवार को दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता। 22 वर्षीय मस्कर ने 252.9 के स्कोर के साथ रजत पर निशाना साधा। चीन की युटिंग हुआंग ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि फ्रांसीसी निशानेबाज ओसेन मुलर ने कांस्य पदक जीता। अन्य भारतीय फाइनलिस्ट तिलोत्तमा सेन 167.7 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं। पहले दिन 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष और महिला फाइनल भी होंगे। सभी फाइनल से पहले क्वालीफिकेशन राउंड होंगे। विश्व कप में 37 देशों के दुनिया के 131 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे, जिनमें कई मौजूदा ओलंपिक चैंपियन भी शामिल हैं। इस सत्र की अंतिम प्रतियोगिता में 12 व्यक्तिगत ओलंपिक स्पधाओं में से प्रत्येक में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज का निर्धारण किया जाएगा। इनमें 23 भारतीय शीर्ष निशानेबाज भी शामिल होंगे, जो घरेलू मैदान पर दुनिया के निशानेबाजी के शीर्ष खिलाड़ियों से भिड़ेंगे। 2024 में आयोजित होने वाले संयुक्त छह आईएसएसएफ विश्व कप चरणों के दुनिया के शीर्ष छह एथलीटों ने नई दिल्ली शूटिंग महाकुंभ के लिए 12 स्पधाओं में से प्रत्येक में सीधे क्वालीफिकेशन हासिल किया है। साथ ही पेरिस ओलंपिक पदक विजेता, मौजूदा आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल चैंपियन और मौजूदा विश्व चैंपियन ने भी 12 स्पधाओं में से प्रत्येक में सीधे क्वालीफिकेशन हासिल किया है।

### 10 मीटर एयर राइफल में अर्जुन पांचवें, दिव्यांश आठवें स्थान पर



**नयी दिल्ली :** अर्जुन बाबूता मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल राइफल/पिस्टल/शॉटगन में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे। वे फाइनल के शुरूआती चरण में आगे चल रहे थे, लेकिन 9.8 के स्कोर के कारण वे पदक की दौड़ से बाहर हो गए और सीधे पांचवें स्थान पर खिसक गए। यह चौंकाने वाला बदलाव था। उन्होंने कुल 188.3 अंक बनाए। चीन के लिहाओ शेंग ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हंगरी के पेनी इस्तवान ने रजत और जिरी प्रिवरत्स्की ने कांस्य पदक जीता। 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक अन्य भारतीय दिव्यांश पंवार भी पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहे और 124.0 अंकों के साथ निराशाजनक आठवें स्थान पर रहे। इससे पहले, 8-पुरुष फाइनल के लिए क्वालीफिकेशन में बाबूता और दिव्यांश क्रमशः 631.6 और 631.2 अंकों के साथ दूसरे और पांचवें स्थान पर रहे थे। बता दें कि पेरिस ओलंपिक में पदक राउंड के अधिकांश समय तक शीर्ष पर रहने के बाद बाबूता पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में चौथे स्थान पर खिसक गए थे और पदक से चूक गए थे।

## आईएसएल की तर्ज पर मार्च 2025 में शुरू होगी उत्तर प्रदेश सुपर लीग




एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा :** उत्तर प्रदेश में पहली बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जैसी शानदार और रोमांचक फुटबॉल लीग शुरू होने जा रही है। उत्तर प्रदेश सुपर लीग (यूपीएसएल) मार्च-अप्रैल 2025 में खेली जाएगी और इसमें पूरे राज्य के फुटबॉल प्रेमी, युवा प्रतिभाएं और पेशेवर खिलाड़ी एक रोमांचक नए प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ आएंगे। फुटबॉल लीग ग्रेटर नोएडा स्टेडियम और लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेली जाएगी। उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित और 100 स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रबंधित इस लीग का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में खेल विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृष्टिकोण के अनुरूप फुटबॉल को बढ़ावा देना है। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए नीलामी आयोजित की जाएगी, जिसमें आठ फ्रेंचाइजी को सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल प्रतिभाओं पर बोली लगाने और उन्हें भर्ती करने का अवसर मिलेगा। उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के सचिव मोहम्मद शाहिद ने कहा, आईएसएल की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सुपर लीग का खाका तैयार किया गया है।

## एशियाई किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# सुधीर सक्सेना ने जीता कांस्य पदक



एजेंसी

**कंबोडिया :** कौशल और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए किक बॉक्सर सुधीर सक्सेना ने 5 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक कंबोडिया के ओलंपिक स्टेडियम में आयोजित एशियाई किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में 94 किलोग्राम भार वर्ग में भारत के लिए कांस्य पदक जीता है। पूरे एशिया के कुछ बेहतरीन फाइटर्स के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए सुधीर ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन ने न केवल उन्हें पोडियम पर जगह दिलाई बल्कि किक बॉक्सिंग के खेल में भारत की बढ़ती उपस्थिति को भी उजागर किया। सुधीर की भागीदारी पंजाब नेशनल बैंक के उदार प्रायोजन के माध्यम से संभव हुई, जो विभिन्न खेलों में उभरती प्रतिभाओं का दृढ़ समर्थक रहा है। पदक जीतने पर सुधीर ने कहा कि यह उपलब्धि मेरे प्रशिक्षण में लगाई गई कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दशार्ती है। मैं पंजाब नेशनल बैंक के अटूट समर्थन के लिए उनका आभारी हूं और मैं यह पदक उन सभी को समर्पित करता हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया। पंजाब नेशनल बैंक खेलों को बढ़ावा देने और एथलीटों को सफलता की यात्रा में सहायता करने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता रखता है। पंजाब नेशनल बैंक के प्रवक्ता ने कहा, ‍हमें सुधीर सक्सेना की उपलब्धि पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। उनकी जीत न केवल उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय एथलीटों की क्षमता को भी उजागर करती है।

## अर्जेंटीना को बोलीविया के खिलाफ मैक एलिस्टर की वापसी की उम्मीद



एजेंसी

**ब्यूनस आयर्स :** अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी मंगलवार को बोलिविया के खिलाफ अपने घरेलू विश्व कप क्वालीफायर के लिए एलेक्सिस मैक एलिस्टर की वापसी का अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा करेंगे। मैक एलिस्टर गुरुवार को वेनेजुएला के साथ एल्बिसेलेस्टे के 1-1 से ड्रॉ मैच में चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, लेकिन उन्होंने प्रशिक्षण फिर से शुरू कर दिया है और ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोनुमेंटल में होने वाले मैच में खेल सकते हैं। लिवरपूल के मिडफील्डर की फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर स्कोलोनी ने कहा, एलेक्सिस ने सामान्य रूप से प्रशिक्षण लिया और हम आज बाद में निर्णय लेंगे कि वह खेलने के लिए तैयार है या नहीं। स्कोलोनी ने मैच की शुरूआत में इंटर मिलान के लुटारो मार्टिनेज और एटलेटिको मैड्रिड के जूलियन अल्वारेज के साथ आक्रमण करने की संभावना भी जताई। उन्होंने कहा, हमें अभी भी शुरूआती टीम को परिभाषित करने की आवश्यकता है, लेकिन हमारे पास उन दोनों के साथ खेलने की संभावना है। अर्जेंटीना वर्तमान में नौ मैचों में 19 अंकों के साथ 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र की स्टैंडिंग में सबसे आगे है, जो छठे स्थान पर मौजूद बोलीविया से सात अंक आगे है।

## चौथी हॉकी इंडिया महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप की हुई आधिकारिक शुरुआत, 12 टीमें ले रहीं हिस्सा



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप का मंगलवार को यहां प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह चैंपियनशिप 21 अक्टूबर, 2024 तक खेली जाएगी, जिसका आयोजन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। चैंपियनशिप का उद्घाटन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सतीश कुमार और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने किया। देश भर की शीर्ष 12 महिला हॉकी टीमें इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। सभी टीमों को चार पूल में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 20 अक्टूबर को सेमीफाइनल होगा। फाइनल 21 अक्टूबर को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। मुख्य अतिथि पंकज जैन ने ऐतिहासिक नेशनल स्टेडियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन के लिए एकदम सही मंच बताया। उन्होंने खिलाड़ियों की भागीदारी में 50% की वृद्धि की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि एथलीट भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शमी का खेलना सम्भव नहीं : रोहित



एजेंसी

**बेंगलुरु :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मोहम्मद शमी को आस्ट्रेलिया के आगामी टेस्ट दौरे से लगभग बाहर कर दिया है और कहा कि टखने की सर्जरी से उबरने में इस तेज गेंदबाज के घुटने में सूजन के कारण बाधा आ रही है और इस बड़े मुकाबले के लिए उन्हें उतारना सही नहीं होगा। शमी ने आखिरी बार भारत के लिए पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल में खेला था और उसके बाद से टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर यहां संवाददाताओं से कहा, ‍ईमानदारी से कहूं तो अभी हमारे लिए यह तय करना मुश्किल है कि वह इस सीरीज या ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए फिट होंगे या नहीं। हाल ही में उनके घुटने में सूजन आ गई थी, जो काफी असामान्य था। उन्होंने कहा, वह फिट होने की प्रक्रिया में थे, 100 प्रतिशत के करीब पहुंच रहे थे, उनके घुटने में सूजन आ गई थी, जिससे उनकी रिकवरी में थोड़ी देरी हुई। इसलिए उन्हें फिर से शुरूआत करनी पड़ी। अभी वह एनसीए में हैं, वह एनसीए में फिजियो और डॉक्टरों के साथ काम कर रहे हैं। रोहित ने कहा कि टीम प्रबंधन चाहता है कि शमी शीर्ष स्तर के क्रिकेट में वापसी से पहले पूरी तरह से फिट हो जाएं। उन्होंने कहा, ‍हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह 100 प्रतिशत फिट हो जाएं। हम कमजोर शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जाना चाहते, यह हमारे लिए सही फैसला नहीं होगा। उन्होंने कहा, एक तेज गेंदबाज के लिए यह काफी मुश्किल है, क्योंकि वह बहुत ज्यादा क्रिकेट से चूक गया है और फिर अचानक से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, यह आदर्श नहीं है। रोहित ने कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारी शमी की फिटनेस का आकलन करना जारी रखेंगे और इस प्रक्रिया में वह कुछ आंतरिक मैच खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, हम उसे ठीक होने और 100 प्रतिशत फिट होने के लिए पर्याप्त समय देना चाहते हैं। फिजियो, ट्रेनर और डॉक्टरों ने उसके लिए एक रोडमैप तैयार किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने से पहले उसे कुछ (अभ्यास) मैच खेलने हैं।

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स



एजेंसी

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन सियर्स घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ आगामी तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। पहला टेस्ट बुधवार से शुरू होगा। न्यूजीलैंड के श्रीलंका दौरे के दौरान बाएं घुटने में दर्द होने के कारण सीयर्स का भारत जाना स्थगित कर दिया गया था। घर पर स्कैन में पता चला कि उनके मेनिस्कस में चोट है, जिसके कारण उन्हें खेलने के लिए मंजूरी मिलने की उम्मीद में चिकित्सा परामर्श लेना पड़ा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को एक बयान में कहा हालांकि, चिकित्सा सलाह के बाद, उन्हें श्रृंखला से बाहर करने का निर्णय लिया गया। चोट के लिए उपचार और पुनर्वास के सर्वोत्तम तरीके पर उचित समय पर सलाह दी जाएगी। जैकब डफी को उनके प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया है और 30 वर्षीय अनकैप्ड दाएं हाथ के तेज गेंदबाज बुधवार को भारत के लिए रवाना होंगे। डफी ने अब तक कीवी टीम के लिए छह वनडे और 14 टी20 मैच खेले हैं।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 09 हजार रन पूरे कर सकते हैं विराट



एजेंसी

**बेंगलुरु :** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार से यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रहे पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। विराट के पास इस मैच में अपने 9000 रनों को पूरा करने का अवसर है। इसके लिए उन्हें केवल 53 रनों की जरूरत है। विराट हालांकि पिछली आठ पारियों में केवल एक अर्धशतक बना पाये हैं पर प्रशंसकों को उनसे इस मैच में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। विराट ने ये अर्धशतक साल 2023 में दक्षिय अफ्रीका के खिलाफ लगाया था। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला पिछले कुछ मैचों से शांत रहा है। विराट के अभी 8947 रन हैं। अगर वह 53 रन बनाकर 9000 रन पूरे करते हैं तो ऐसा करने चौथे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। विराट से पहले ये उपलब्धि सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर के नाम है। वह टेस्ट में नौ हजार रन या उससे ज्यादा रन बनाने वाले 18वें बल्लेबाज भी बन जाएंगे। विराट कोहली ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 115 मैच खेलते हुए 8947 बनाए हैं। इसमें 29 शतक और सात दोहरे शतक शामिल है। कोहली ने 30 अर्धशतक भी लगाए हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 254 है।

## बेंगलुरू में बारिश के कारण भारत का प्रशिक्षण सत्र रद्द



एजेंसी

**बेंगलुरु :** मंगलवार सुबह भारी बारिश के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय टीम का अभ्यास सत्र रद्द हो गया। लगातार भारी बारिश के कारण 11:15 बजे का प्रशिक्षण सत्र रद्द कर दिया गया, बारिश में कोई कमी आने के संकेत नहीं हैं। भारतीय मौसम विभाग ने पूरे सप्ताह भारी बारिश का अनुमान लगाया है, टेस्ट मैच के पहले और दूसरे दिन बारिश की 70 से 90 प्रतिशत संभावना है। इसके अतिरिक्त, कर्नाटक के कई क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जो मैच में संभावित मौसम व्यवधानों का संकेत देता है। बारिश के कारण बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में भारत का पिछले घरेलू टेस्ट मैच भी ढाई दिन चला था, लेकिन भारत ने फिर भी जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड को अपने उपमहाद्वीप दौरे पर भी मौसम संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसमें ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान के खिलाफ उनका गैर-डब्ल्यूटीसी टेस्ट खराब मौसम और स्थल पर खराब जल निकासी व्यवस्था के कारण रद्द कर दिया गया था।

## एलिस पेरी ने टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में लगायी लम्बी छलांग, 16वें स्थान पर पहुंचीं



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी ने संयुक्त अरब अमीरात में चल रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लीग मैचों में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में उल्लेखनीय प्रगति की है। विश्व कप में पेरी ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 22 रन, न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 रन और भारतीय टीम के खिलाफ 32 रन की पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम रोल निभाया। अपने इस प्रदर्शन के दम पर पेरी ने बल्लेबीजों की रैंकिंग में 6 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। मंगलवार को जारी ताजा आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई स्टार पेरी 6 स्थान ऊपर उठकर संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उनके 597 रेटिंग अंक हो गए हैं। इस प्रारूप में पेरी की करियर की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी रैंकिंग 14वां स्थान है जो उन्होंने आखिरी बार फरवरी 2020 में हासिल किया था। उनकी टीम की साथी फोएबे लिचफील्ड भी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 30वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। उन्होंने शारजाह में भारत के खिलाफ नौ गेंदों पर नाबाद 15 रन बनाकर टीम की जीत में योगदान दिया था। ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली, भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और बांग्लादेश की निगार सुल्ताना, न्यूजीलैंड की खिलाड़ी अमेलिया केर और इंग्लैंड की डैनी व्याट को भी बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। एलिसा एक स्थान ऊपर सातवें स्थान पर, हरमनप्रीत कौर एक स्थान ऊपर 11वें स्थान पर, निगार एक स्थान ऊपर 13वें स्थान पर, अमेलिया एक स्थान ऊपर 14वें स्थान पर, डैनी व्याट तीन स्थान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

**दीप्ति शर्मा और रेणुका ठाकुर शीर्ष रैंकिंग के करीब**

**भारतीय** टीम के स्टार खिलाड़ी दीप्ति शर्मा और रेणुका ठाकुर महिला टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। दीप्ति एक स्थान ऊपर और रेणुका ठाकुर दो स्थान ऊपर उठकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंची हैं। इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन गेंदबाजी की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन स्कट और दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। मेगन स्कट चार स्थान ऊपर उठकर छठे स्थान पर, नॉनकुलुलेको छह पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंची हैं।



म्यूनिख में यूईएफए नेशंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए जर्मनी व नीदरलैंड।

## एक झलक

### टाटा समूह पांच वर्षों में विनिर्माण से जुड़ी 5 लाख नौकरियों का करेगा सृजन : चंद्रशेखरन

**नयी दिल्ली** : टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि समूह अगले पांच वर्षों में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), बैटरी और संबंधित उद्योगों से जुड़े विनिर्माण क्षेत्र में 5 लाख नौकरियों का सृजन करेगा। चंद्रशेखरन ने इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट की यहां आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यदि भारत विनिर्माण के क्षेत्र में नौकरियां पैदा नहीं कर सकता तो वह विकसित राष्ट्र होने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता। चंद्रशेखरन ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हर महीने 10 लाख लोग कार्यबल में शामिल हो रहे हैं। टाटा संस प्रमुख ने अपने संबोधन में भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य में विनिर्माण की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में हमारे (टाटा समूह के) निवेश, प्रीसीजन मैन्यूफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में हमारे निवेश से मुझे लगता है कि हम अगले पांच वर्षों में 5 लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करेंगे। उन्होंने कहा कि समूह असम में सेमीकंडक्टर संयंत्र और इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी के लिए अन्य कई संयंत्र स्थापित कर रहा है। चंद्रशेखरन ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हर महीने 10 लाख लोग कार्यबल में शामिल हो रहे हैं। हमें आने वाले समय में 10 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। टाटा संस प्रमुख ने अपने संबोधन में नये युग के विनिर्माण जैसे सेमीकंडक्टर बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह हर एक रोजगार के लिए आठ से दस अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करता है। उन्होंने इन पहलों में सरकार के समर्थन की सराहना की और विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन की आवश्यकता पर बल दिया।

### एयर प्यूरीफायर संबंधी दावों की जांच के लिए बाजार पर नजर रखेगी सरकार

**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने नई दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों में प्रदूषण को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच एयर प्यूरीफायर विनिमार्ता कंपनियों की ओर से किए जाने वाले दावों की जांच के लिए बाजार पर निगरानी रखने की घोषणा की। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की अध्यक्ष और उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने मंगलवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। खरे ने कहा कि हम बाजार निगरानी के जरिए यह देखने की कोशिश करेंगे कि इस संबंध में किए गए दावे सही हैं या नहीं। खरे ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। वह एयर फिल्टर पर मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के अनुपालन की जांच करेगा। प्राधिकरण ने यह कदम केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी के एक दिन पहले दिए गए उस बयान के बाद उठाया है, जिसमें कुछ कंपनियों पर अपने उत्पादों के बारे में गलत दावे करने का आरोप लगाया गया था। जोशी ने विश्व मानक दिवस कार्यक्रम में कंपनियों की भ्रामक विपणन रणनीति पर चिंता व्यक्त की थी। मंत्री ने उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर कहा था कि एयर प्यूरीफायर को लेकर झूठे दावे किए जाते हैं, उन पर बहुत कुछ लिखा होता है लेकिन उनमें कुछ नहीं होता।

# भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रहना चाहिए : आकाश अंबानी

- एआई और मशीन लर्निंग डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए सरकार दे प्रोत्साहन
- जियो किफायती कीमतों पर शक्तिशाली एआई मॉडल और सेवाएं देने के लिए हैं प्रतिबद्ध



**नयी दिल्ली** : रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रखने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि भारत में डेटा जनरेशन का पैमाना और स्पीड तेजी से बढ़ी है और एआई के साथ यह और तेजी से बढ़ेगी। इसलिए देश में एआई और मशीन लर्निंग डेटा सेंटर स्थापित करने की जरूरत है और इसके लिए भारतीय कंपनियों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन मिलना चाहिए। साथ ही, उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि डेटा सेंटर नीति 2020 के मसौदे को जल्द अपडेट करें। आकाश अंबानी दिल्ली में चल रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में बोल रहे थे। आकाश अंबानी ने कहा, 'विकसित भारत के सपने के साकार करने के लिए एआई अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। जियो ने एआई के फायदे को हर भारतीय तक पहुंचाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। ठीक वैसा ही जैसा कि हमने मोबाइल ब्रॉडबैंड के साथ किया था। हम किफायती कीमतों पर शक्तिशाली एआई मॉडल और सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए हम एक राष्ट्रीय एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का आधार तैयार कर रहे हैं।' प्रधानमंत्री की विजनरी लीडरशिप की प्रशंसा करते हुए आकाश अंबानी ने कहा, आज भारतीय मोबाइल कंपनियां और फलते-फूलते स्टार्ट-अप इकोसिस्टम की वजह से भारत विकसित देशों सहित दुनिया भर को एआई सॉल्युशन दे सकता है। सरकार द्वारा उद्योग और इनोवेशन को आगे बढ़ाने के कारण भारत में सबसे बड़ी डिजिटल क्रांति आयी है। नये भारत में कारोबार अब पूरी तरह बदल गया है। 145 करोड़ भारतीयों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार और उद्योग तालमेल के साथ काम कर रहे हैं। इंडिया मोबाइल कांग्रेस के मंच से अंबानी ने वादा किया कि भारत न केवल मोबाइल इनोवेशन में अग्रणी होगा, बल्कि हम एक कनेक्टेड, इंटेलिजेंट भविष्य के लिए एआई की ताकत को अपनायेंगे। इससे रोजगार में भी वृद्धि होगी जैसा कि जैसे कंप्यूटर और इंटरनेट को अपनाने के दौर में हुआ था।

## पीएम गतिशक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग के लिए एक सुपर इंटेलिजेंस टूल : गोयल

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग के लिए एक सुपर इंटेलिजेंस टूल है। उन्होंने देश के 27 आकांक्षी जिलों के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के जिला संस्करण की लॉन्चिंग के अवसर पर यह बात कही। पीयूष गोयल ने यहां पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम गतिशक्ति के तहत 27 आकांक्षी जिलों के लिए जिला मास्टर प्लान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि गतिशक्ति बुनियादी ढांचे की योजना बनाने के लिए एक सुपर इंटेलिजेंट टूल है। उनहोंने आगे कहा कि पीएम गतिशक्ति मॉडल का उपयोग भविष्य में इंफ्रा प्लानिंग के लिए दुनिया द्वारा किया जायेगा। वाणिज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अगले 18 महीनों में जिला मास्टर प्लान का विस्तार करके देश भर के 750 से अधिक जिलों को कवर किया जाएगा। गोयल ने शहरों को लॉजिस्टिक्स प्लानिंग तैयार करने में मदद करने के लिए 'भारतीय शहरों के लिए सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश' भी लॉन्च किए। गोयल ने 2003 में गुजरात के सीएम के रूप में गतिशक्ति की अवधारणा बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता की सराहना भी की। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने केंद्र और राज्य सरकारों के गतिशक्ति प्लेटफॉर्म के हितधारकों की एक पूरे दिन की एक बैठक आयोजित की थी, ताकि प्लेटफॉर्म के प्रदर्शन की समीक्षा की जा सके। इसके अलावा केंद्रीय और राज्य स्तर के बुनियादी ढांचा योजनाकारों के लिए और भी अधिक उपयोगी बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया जा सके।

## आईआईएफएल फाईनेंस 19 अक्टूबर तक जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ 0.99% प्रतिमाह की ब्याज दर पर गोल्ड लोन पेश कर रही

**रांची** : आईआईएफएल फाईनेंस, जो कि भारत की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक है, अपने गोल्ड लोन मेला में 19 अक्टूबर तक जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ 0.99% प्रतिमाह की ब्याज दर पर गोल्ड लोन पेश कर रही है। इस गोल्ड लोन मेला द्वारा आईआईएफएल फाईनेंस का उद्देश्य तत्काल वित्तीय सहयोग के जरूरतमंदों को कम लागत पर गोल्ड लोन के माध्यम से किफायती क्रेडिट प्रदान करना है। आईआईएफएल फाईनेंस भारत में अपनी शाखाओं और सुगम ऑनलाईन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोन निवेदनों की प्रभावी प्रोसेसिंग के लिए तैयार है, ताकि ग्राहकों को इस सीमित अवधि के ऑफर का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। आईआईएफएल फाईनेंस में जोनल




हेड, गोल्ड लोन, मनीष मयंक ने कहा, हमें मालूम है कि पैसे की जरूरत अचानक से सामने आती है, और हम जरूरत के समय पर अपने ग्राहकों को सहयोग प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। यह गोल्ड लोन मेला उन्हें किफायती वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। हमारी टीमें जरूरतमंद ग्राहकों की मदद करने के लिए तैयार हैं ताकि वो अपनी वित्तीय जरूरतों को आत्मविश्वास और आसानी के साथ पूरा कर सकें। आईआईएफएल फाईनेंस प्रतिस्पर्धी लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) अनुपात, तीव्र लोन प्रोसेसिंग और आसान डिजिटल भुगतान के विकल्प प्रदान करता है। कंपनी समय पर ग्राहकों को सहयोग देते हुए अपनी सर्विस के मानक बनाए रखने पर केंद्रित है। 0.99% प्रतिमाह गोल्ड लोन ऑफर पाने के इच्छुक ग्राहक भारत में आईआईएफएल फाईनेंस की किसी भी शाखा पर आकर या कंपनी की वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। गोल्ड लोन के लिए नियम व शर्तें तथा पात्रता का विवरण वेबसाईट पर दिया गया है।

## हुंडई के आईपीओ को पहले दिन सिर्फ 18 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन

**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार के इतिहास में अभी तक का सबसे बड़ा हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया। हालांकि शाम 5 बजे तक इस आईपीओ को सिर्फ 18 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन ही मिल सका था। हुंडई मोटर का आईपीओ 17 अक्टूबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा। इस आईपीओ के जरिए हुंडई मोटर इंडिया 27,870.16 जुटाना चाहती है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 5 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन आया है। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 13 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ है। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 26 प्रतिशत सब्सक्राइब हो चुका है।

## जियो के दो नये 4जी फीचर फोन जियोभारत V3 और V4 लॉन्च

- V3 और V4 मोबाइल की कीमत 1099 रू प्रति फोन रखी गयी है।
- 455 से अधिक लाइव टीवी मिलेंगे
- मात्र 123 रु में होगा मंथली रीचार्ज






**नयी दिल्ली** : इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में रिलायंस जियो ने दो नये 4जी फीचर फोन लॉन्च किये हैं। ३३ और ३४, दोनों ही 4जी फीचर फोन जियोभारत सीरीज के तहत लॉन्च किये गये हैं। नये मॉडल्स 1099 रू की कीमत पर बाजार में उतारे जायेंगे। पिछले साल जियोभारत v2 मॉडल को लॉन्च किया गया था। जिसने भारतीय फीचर फोन मार्केट में हलचल मचा दी थी। कम्पनी के मुताबिक लाखों 2जी उपभोक्ता जियोभारत फीचर फोन के माध्यम से 4जी में शिफ्ट हो चुके हैं। अगली पीढ़ी के ये नये 4जी फीचर फोन आधुनिक डिजाइन, 1000 mAh की दमदार बैटरी, 128 GB तक के एक्सपेंडेबल स्टोरेज और 23 भारतीय भाषाओं के सपोर्ट के साथ आते हैं। जियोभारत फोन को मात्र 123 रुपये में मासिक रिचार्ज कराया जा सकता है। इसमें अनलिमिटेड वॉयस कॉल और 14 GB डेटा भी मिलेगा। v3 और v4 दोनों मॉडल जियो-टीवी, जियो-सिनेमा, जियो-पे और जियो-चैट जैसे कुछ बेहतरीन प्री लोडेड ऐप्स के साथ आयेंगे। 455 से अधिक लाइव टीवी के साथ फिल्में, वीडियो और खेल सामग्री भी ग्राहकों को एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। दूसरी तरफ जियो-पे सहज भुगतान और जियो-चैट असीमित वॉयस मैसेजिंग, फोटो शेयर और ग्रुप चैट के अनेक विकल्प देता है। जियो भारत v3 और v4 जल्द ही सभी मोबाइल स्टोर्स के साथ-साथ JioMart और Amazon पर भी उपलब्ध होंगे।

## बंधन लाइफ और बंधन बैंक ने बिहार व झारखंड में एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की

**रांची/जमशेदपुर** : बंधन लाइफ और बंधन बैंक ने जीवन बीमा योजनाएं प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी का शुभारंभ दो नए प्लान्स : आई-गारंटी विश्वास, गारंटीड लाभ वाली एक बचत बीमा प्लान, और आई-इन्वेस्ट क्क्, एक यूनिट-लिंक्ड बीमा प्लान की पेशकश के साथ हुआ। अक्टूबर 2024 से ये प्लान्स बिहार और झारखंड में बंधन बैंक की 181 शाखाओं पर उपलब्ध होंगे। बंधन बैंक के मौजूदा ग्राहक कुछ ही मिनटों में पॉलिसी प्राप्त कर सकते हैं यदि वे बीमा की शर्तों को पूरा करते



हैं। जिससे भारत के लोगों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के बंधन के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को बल प्राप्त होगा। मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, सतीश्वर बी. ने कहा, हम इस साझेदारी के साथ और बंधन बैंक के इतने बड़े नेटवर्क के माध्यम से आई-गारंटी विश्वास और आई-इन्वेस्ट क्क्को प्रस्तुत करके बहुत प्रसन्न हैं। यह साझेदारी हमारे बीमा प्लान्स को और अधिक सुलभ बनाने में हमारी मदद करेगी।

## वंदना ने अथर्व को जवाबदेही का महत्वपूर्ण पढ़ाया पाठ



**सोनी** सब का 'वागले की दुनिया के आगामी एपिसोड में यह पता चलता है कि यह सब वंदना की अथर्व को एक मूल्यवान सबक सिखाने की योजना का हिस्सा था। उसने देखा था कि अथर्व सफाई करने में अनिच्छा दिखा रहा था। कैसे वह छोटे-छोटे कामों के लिए भी अपनी घरेलू सहायिका आशा ताई पर निर्भर रहने लगा था। आलसी और हमेशा शॉर्टकट की तलाश में रहने वाला अथर्व का यह व्यवहार वंदना को पसंद नहीं आया। उसे जिम्मेदारी लेने और अपने काम खुद करने के महत्व का एहसास कराने के लिए वंदना आशा ताई से कुछ दिन की छुट्टी लेने को कहती है। इससे अथर्व को सबसे सरल कामों के लिए भी आत्मनिर्भर होना सीखना पड़ता है।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'शेतकरी समृद्धि' विशेष किसान रेलगाड़ी का किया शुभारम्भ

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर तक 'शेतकरी समृद्धि' विशेष किसान रेलगाड़ी का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र के देवलाली रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया तथा केंद्रीय रेल मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेल भवन से जुड़े थे। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने इस रेलगाड़ी का शुभारंभ करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महाराष्ट्र के किसानों की उपज को तेजी से देश के अन्य राज्यों तक पहुंचाना है। यह ट्रेन नासिक, मनमाड़, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, और दीनदयाल




उपाध्याय सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे किसानों को अपनी उपज को सही समय पर और सही दाम पर बेचने का अवसर मिलेगा। किसान मात्र ?4 प्रति किलो की दर से अपनी उपज को देवलाली और नासिक जैसे इलाकों से बिहार तक भेज सकेंगे। इस ट्रेन में छोटे और बड़े किसानों के लिए पार्सल वैन के साथ-साथ साधारण श्रेणी के कोच भी लगाए गए हैं, जिससे किसान और श्रमिक दोनों को सफर की सुविधा मिलेगी। देवलाली से दानापुर तक की 1,515 किमी लंबी दूरी पर भाड़ा प्रति किलोमीटर, प्रति किलोग्राम मात्र 28 पैसे से भी कम होगा, जिससे जल्दी खराब होने वाले उत्पादों का कम लागत पर परिवहन संभव होगा। यह गाड़ी न केवल किसानों को नए बाजार उपलब्ध कराएगी बल्कि श्रमिकों को भी सस्ती और सुविधाजनक यात्रा का साधन प्रदान करेगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। श्री वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि महाराष्ट्र के किसानों के लिए यह एक नई पहल है, जो उन्हें उनकी फसलों के लिए बाजार में सही कीमत प्राप्त करने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन किसानों के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू की गई है, जिसके सफल होने पर आगे भी ऐसे और किसान हितैषी रेलगाड़ियों की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में रेलवे के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया गया है। 2014 से पहले, महाराष्ट्र को प्रतिवर्ष रेलवे विकास के लिए मात्र 1,171 करोड़ रुपये का आवंटन मिलता था, जबकि इस वर्ष यह बजट बढ़ा कर 15,940 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वर्तमान में राज्य में 5,870 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाने के 41 प्रोजेक्ट्स स्वीकृत हैं, जिन पर कुल 81,000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इसके अलावा, महाराष्ट्र के 132 रेलवे स्टेशनों का विकास अमृत स्टेशन के रूप में किया जा रहा है, और 318 फ्लाईओवर तथा रोड अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, श्री वैष्णव ने महाराष्ट्र में रेलवे परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि मुंबई से विभिन्न स्टेशनों के लिए 11 वंदे भारत एक्सप्रेस स्वीकृत हैं, जिनमें से 6 ट्रेनें वर्तमान में चल रही हैं। उन्होंने बुलेट ट्रेन परियोजना पर भी जानकारी दी, जिसके अंतर्गत महाराष्ट्र, गुजरात, और केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली से गुजरने वाली इस परियोजना के लिए अब तक 350 किलोमीटर पियर फाउंडेशन, 316 किलोमीटर पियर निर्माण, और 221 किलोमीटर गर्डर कास्टिंग का कार्य पूरा हो चुका है। बुलेट ट्रेन परियोजना में समुद्र के नीचे 7 किलोमीटर की सुरंग भी शामिल है।

## पेज एक के शेष

**चुनावी समर का हुआ शंखनाद...**

मतदाता पहली बार मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। आयोग ने उनके लिए 20281 स्थानों पर 29,562 मतदान केन्द्र बनाये हैं।

सीईसी राजीव कुमार का कहना है कि आयोग ने दोनों राज्यों महाराष्ट्र और झारखंड में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह का शत-प्रतिशत समावेशन सुनिश्चित करने के प्रयास किये गये हैं और उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने महाराष्ट्र विधानसभा के लिए विशेष रूप से शहरी मतदाताओं की उदासीनता का उल्लेख किया और कहा कि इससे निपटने के लिए एक लक्षित अभियान और प्रयास किया जायेगा, ताकि कोशिश हो सके कि सभी मतदान में भागीदारी करें।

**चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू...**

दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 01 नवम्बर है। पूरी चुनावी प्रक्रिया 25 नवम्बर को समाप्त हो जायेगी।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान को लेकर कोई असुविधा नहीं हो, इसे लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। चुनाव कर्मियों को इसे लेकर प्रशिक्षित भी किया गया है। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं का इंतजार कम हो, इसकी भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक एप्प भी जारी करेगा, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केन्द्रों की स्थिति, मसलन मतदान केन्द्र पर कितने लोग मतदान के लिए कतार में हैं, यह जानकारी घर बैठे ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह एप्प बुजुर्ग मतदाताओं के लिए काफी लाभदायक होगा। वहीं, 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को घर से मतदान की भी सुविधा रहेगी। इसके लिए उन्हें फार्म 12 डी भरना होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार में उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं।

पत्रकार वार्ता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा और संदीप सिंह भी मौजूद थे।

**14 राज्यों की 48 विधानसभा और महाराष्ट्र व केरल की एक-एक लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा...**

सीट पर 20 नवम्बर को मतदान होगा। सभी सीटों की मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ दिल्ली के विज्ञान भवन में पत्रकार वार्ता में चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। इसके अनुसार 48 विधानसभा सीटों में से सर्वाधिक 09 सीटें उत्तर प्रदेश की हैं। इसके अलावा राजस्थान की 07, पश्चिम बंगाल की 06, असम की 05, बिहार एवं पंजाब की 04-04, कर्नाटक की 03, केरल, मध्य प्रदेश और सिक्किम की 02-02, गुजरात, उत्तराखंड, मेघालय और छत्तीसगढ़ की 01-01 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा।

आयोग के अनुसार 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की वायनाड लोकसभा सीट के लिए बुधवार 13 नवम्बर को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जायेगी। नामांकन 25 अक्टूबर, नामांकन की जांच 28 अक्टूबर और नाम वापसी 30 अक्टूबर तक हो सकेगी। वहीं, उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की नांडेड़ लोकसभा सीट के लिए 20 नवम्बर को मतदान होगा। इनके लिए 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। 29 अक्टूबर तक नामांकन, 30 अक्टूबर को नामांकन की जांच, 04 नवम्बर को नाम वापसी की अंतिम तारीख तय की गयी है।

**एससीओ शिखर वार्ता के लिए पाकिस्तान पहुंचे विदेश मंत्री...**

लेकर भारतीय वायुसेना का विमान आज नूर खान एयर बेस पर उतरा। जयशंकर ने इस्लामाबाद में उतरने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है, जो सबसे बड़े अंतरक्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। भारत, पाकिस्तान के अलावा चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इसके सदस्य हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि उनकी पाकिस्तान यात्रा बहुपक्षीय मंच में भागीदारी से जुड़ी है और इसका कोई द्विपक्षीय पहलू नहीं है। हालांकि, वे हर यात्रा से पहले अपेक्षित और अनपेक्षित दोनों स्थितियों के लिए पूरी तैयारी के साथ जाते हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक डिजिटल नियमों और नैतिक एआई पर जोर दिया...**

शासन के लिए इसके महत्व को पहचानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ₹वैश्विक संस्थाओं के लिए वैश्विक शासन के महत्त्व को स्वीकार करने का समय आ गया है।₹ वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी के लिए 'क्या करें और क्या न करें' बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए, प्रधानमंत्री ने डिजिटल उपकरणों और अनुप्रयोगों की सीमाहीन प्रकृति पर प्रकाश डाला और साइबर खतरों से निपटने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक संस्थाओं द्वारा सामूहिक कार्रवाई का आग्रह किया। उन्होंने विमानन क्षेत्र के साथ समानताएं बताईं, जिसके पास पहले से ही अच्छी तरह से स्थापित ढांचे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने डब्ल्यूटीएसए से एक सुरक्षित डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और दूरसंचार के लिए सुरक्षित चैनल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ₹एक-दूसरे से जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत का डेटा संरक्षण अधिनियम और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।₹ प्रधानमंत्री ने सभा के सदस्यों से ऐसे मानक बनाने का आग्रह किया, जो समावेशी, सुरक्षित और भविष्य की चुनौतियों के अनुकूल हों, जिनमें नैतिक एआई और डेटा गोपनीयता मानक शामिल हों जो राष्ट्रों की विविधता का सम्मान करते हों।

प्रधानमंत्री ने मौजूदा तकनीकी क्रांति में मानव-केन्द्रित आयाम की आवश्यकता पर जोर दिया और जिम्मेदार और टिकाऊ नवाचार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज तय किये गये मानक भविष्य की दिशा तय करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि सुरक्षा, सम्मान और समानता के सिद्धांत हमारी चचाओं के केन्द्र में होने चाहिए। हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि कोई भी देश, कोई भी क्षेत्र और कोई भी समुदाय इस डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूट जाये और उन्होंने समावेशन के साथ संतुलित नवाचार की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भविष्य तकनीकी रूप से मजबूत होने के साथ-साथ नवाचार और समावेशन के साथ नैतिक रूप से भी मजबूत हो।

**विभिन्न देशों की संसदों के अध्यक्षों ने की बिरला से मुलाकात...**

स्विट्जरलैंड के बीच गुटनिरपेक्षता और तटस्थता जैसे साझा मूल्यों पर आधारित दीर्घकालिक सौहार्दपूर्ण संबंधों की बात करते हुए बिरला ने दोनों देशों के बीच सहयोग का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्रों में भारत-स्विस सहयोग बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे युवा और तेजी से प्रगति कर रहे देशों में से एक, भारत में अपार ऊर्जा और अवसर मौजूद हैं। पिछले दशक में हुई प्रगति से 250 मिलियन लोगों की गरीबी दूर हुई है ।

बिरला ने कहा कि भारत डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है, जिससे समानता को बढ़ावा मिला है, भ्रष्टाचार कम हुआ है और साथ ही देश में विभिन्न क्षेत्रों में शोध और नवाचार में प्रगति हुई है। बिरला ने यह भी कहा कि भारत का विकास आर्थिक आंकड़ों से कहीं बढ़कर है और इसमें 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' और 'स्किल इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से 'विकसित, मजबूत और आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य प्राप्त करने के साथ समावेशी विकास की प्रतिबद्धता शामिल है, जिससे देशवासी अधिकार सम्पन्न होंगे और राष्ट की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा ।

149वीं आईपीयू असेंबली में भाग लेने के लिए अपनी जिनेवा यात्रा के दौरान, लोक सभा अध्यक्ष बिरला ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली के स्पीकर, रोजर मैनसिएन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की,ओमान स्टेट काउंसिल की कंसलटेटिव एसेम्बली के स्पीकर खालिद अल मावली से भी मुलाकात की और नेशनल असेंबली के स्पीकर पीटर कजाविवि के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता की।

बिरला ने कहा कि दोनों देशों के संबंध परस्पर विश्वास तथा लोकतंत्र और समावेशिता के साझा मूल्यों की बुनियाद पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के बीच भागीदारी समानता, लोकतांत्रिक शासन प्रणाली, बाजार अर्थव्यवस्था और बहुलवादी समाज के साथ वैश्विक शांति के साझा उद्देश्यों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि भारतीयों ने पूरी दुनिया में वसुधैव कुटुम्बकम की विरासत और भावना को कायम रखा है।

भारत और सेशेल्स की संसदों के बीच गहरे और सौहार्दपूर्ण सम्बन्धों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, उन्होंने 2017 में सेशेल्स संसदीय शिष्टमंडल की भारत की संसद की यात्रा का उल्लेख किया । बिरला ने कहा कि दोनों देशों के संसदीय शिष्टमंडलों की यात्राओं से आपसी संबंधों को एक नया आयाम मिला है।

बिरली ने बताया कि भारत और ओमान के बीच सदियों से गहरी मित्रता रही है । उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक, आर्थिक और सामाजिक सम्बन्ध मजबूत हुए हैं और ऐतिहासिक सम्बन्धों को भी नयी गति मिली है । उन्होंने ओमान के विधायकों और अधिकारियों को प्राइड द्वारा संचालित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया । नामीबिया के स्पीकर पीटर कजाविवि के साथ बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत नामीबिया के साथ अपने सम्बन्धों को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत और नामीबिया के बीच संसदीय सहयोग को और सशक्त करने का आह्वान करते हुए, श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि संसदीय पद्धतियों, प्रक्रियाओं और सर्वोत्तम विधायी प्रथाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से दोनों देशों के बीच संसदीय सहयोग नयी ऊंचाइयों को छुएगा। बिरला ने जनवरी 2023 में तंजानिया की अपनी पिछली यात्रा का भी स्मरण किया।

बिरला ने कहा कि आईपीयू में भारत की दीर्घकालिक सदस्यता लोकतांत्रिक शासन और संसदीय संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में आईपीयू के साथ भारत के सम्बन्ध मजबूत हुए हैं और विश्वास व्यक्त किया कि माननीय एक्सन के नेतृत्व में ये सम्बन्ध और मजबूत होंगे। संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए बिरला ने बताया कि भारत की संसद के इस प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान ने 115 से अधिक देशों के सांसदों को प्रशिक्षित किया है। उन्होंने प्राइड की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए आईपीयू सदस्यों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संसाधन केन्द्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा।

## एक झलक

### एससीओ समिट में हिस्सा लेने दुनिया के दिग्गज पहुंचे

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान में आज मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेने दुनियां के दिग्गज जुट रहे हैं। इस्लामाबाद में होने वाली दो दिवसीय समिट में शामिल होने के लिए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित एससीओ के सदस्य देशों के 15 दिग्गज लीडर मौजूद रहने वाले हैं। इस समिट में एस जयशंकर के अलावा चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग, रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन, ईरान के पहले उप-राष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ, बेलारूस के प्रधान मंत्री रोमन गोलोवचेंको, कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओल्जास बेक्टेनोव, किर्गिस्तान की कैबिनेट के अध्यक्ष झापारोव अकीलबेक, ताजिकिस्तान के प्रधानमंत्री कोखिर रसूलजोदा, उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्री अब्दुल्ला अरिपोव, मंगोलियाई प्रधानमंत्री ओयुन-एर्डीन लुवसन्नामराय, तुर्कमेनिस्तान के मंत्रिपरिषद के उपाध्यक्ष राशिद मेरेडोव, एससीओ महासचिव झांग मिंग, एससीओ रैट्स कार्यकारी समिति के निदेशक रुसलान मिजार्येव, एससीओ व्यापार परिषद के अध्यक्ष आतिफ इकराम शेख एवं एससीओ इंटरबैंक यूनियन परिषद के अध्यक्ष मराट येलिबायेव शामिल हैं।

### गाजा में शुरू हुआ पोलियो टीकाकरण अभियान

**गाजा** : इजरायली हमलों में तबाह हो चुके गाजा में पोलियो टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण शुरू किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यकताओं ने बताया कि अभियान गाजा पट्टी के मध्य क्षेत्र में शुरू हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि दो सप्ताह से भी कम समय में, यूएनआरडब्ल्यूए (फिलिस्तीनियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी), विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष का लक्ष्य 10 वर्ष से कम आयु के लगभग 5,90,000 बच्चों को नोवल ओरल पोलियो वैक्सीनेशन की दूसरी खुराक देना है। टीकाकरण का पहला चरण 1 से 12 सितंबर तक लागू हुआ था, तब 5,59,000 से अधिक बच्चों तक पहुंचा गया।

### इजराइल ने ईसाई इलाके में बरसाये बम

**बेरूत** : उत्तरी लेबनान में इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल का ये हमला त्रिपोली के एक ईसाई इलाके ऐतोउ में हुआ। इजराइल ईसाई इलाके में हमला नहीं करता है। रिपोर्ट के मुताबिक ऐतोउ में एक अपार्टमेंट में दक्षिण लेबनान से पलायन कर आए लोग रह रहे थे। त्रिपोली लेबनान के सुरक्षित इलाके में गिना जाता है। हालांकि, इजराइल ने पिछले हफ्ते पहली बार यहां एक शरणार्थी कैंप पर बमबारी की। इजराइली सेना ने इस हमले पर कुछ नहीं कहा है। इससे कुछ ही घंटे पहले इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि बेरूत समेत हर उस इलाके पर हमला करेंगे, जहां हिजबुल्लाह के ठिकाने हैं।

### पहली बार रॉकेट की कंट्रोल लैंडिंग

**न्यूयॉर्क** : अमेरिका की कंपनी स्पेस एक्स ने सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टरशिप के बूस्टर की सफलतापूर्वक लैंडिंग करा ली है।स्पेस क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है।स्टार शिप रॉकेट का बूस्टर 96 किलोमीटर की ऊंचाई से वापस लॉन्च पेड पर लौटा है। भविष्य में अब सैटेलाइट मिशन के लिए किसी भी रॉकेट का एक से अधिक बार उपयोग करना संभव हो गया है। यह टेस्ट पृथ्वी से 96 किलोमीटर ऊपर भेजे गए। सुपर हैवी बूस्टर को लॉन्च पैड पर वापस लाया गया है। स्टारशिप की पृथ्वी के वायुमंडल में री एंट्री कराकर हिंद महासागर में कंट्रोल लेंडिंग कराई गई है। जब इस रॉकेट की पृथ्वी में वापसी हुई। तब इसकी रफ्तार 26000 किलोमीटर प्रति घंटे थी।

# यूएस से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत

## 32 हजार करोड़ की डील पर हुए हस्ताक्षर

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत और अमेरिका ने मंगलवार को 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पिछले सप्ताह अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के सौदों को मंजूरी दी थी। खरीदे जाने वाले ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए देश में ही एमआरओ स्थापित किया जाएगा। भारतीय नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे, जिनके शांतिकालीन निगरानी में गेम चेंजर साबित होने की उम्मीद है।

दरअसल, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई थी। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। इसी क्रम में प्रीडेटर ड्रोन के सौदे को 15 जून, 2023 को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) से मंजूरी मिली थी। इसके बाद पिछले सप्ताह 10 अक्टूबर को सीसीएस ने भी मंजूरी दे दी। यह अत्याधुनिक ड्रोन सिर्फ भारतीय नौसेना के लिए खरीदे जाने थे, लेकिन बाद में इसे तीनों सेनाओं के लिए 31 ड्रोन खरीदने का फैसला लिया गया। भारतीय नौसेना इस सौदे के लिए प्रमुख एजेंसी है, जिसमें 15 ड्रोन अपनी जिम्मेदारी के क्षेत्र में निगरानी संचालन के लिए समुद्री बल को दिए जाएंगे। इसके अलावा सेना और वायु सेना को 8-8 ड्रोन मिलेंगे। सौदे के पहले चरण में छह ड्रोन तत्काल एकमुश्त नगद भुगतान करके खरीदे जाएंगे। मौजूदा जरूरतों को देखते हुए फिलहाल दो-दो ड्रोन तीनों सेनाओं को दिए जाएंगे। बाकी 24 ड्रोन अगले तीन वर्षों में हासिल कर लिए जाएंगे।

तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जाने वाले ड्रोन को लेकर रक्षा मंत्रालय ने आज 31 एमक्यू-9बी स्काई/सी गार्जियन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एचएएलई) रिमोट पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम (आरपीएएस) के लिए अमेरिकी सरकार के साथ डील फाइनल की। दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही खरीदे जाने वाले ड्रोन की भारत में डिपो स्तर के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक और अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की खासियतएमक्यू-9 रीपर ड्रोन को सैन डिएगो स्थित जनरल एटॉमिक्स ने बनाया है, जो लगातार 48 घंटे उड़ सकता है। यह 6,000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक लगभग 1,700 किलोग्राम (3,700 पाउंड) का पेलोड ले जा सकता है। यह नौ हार्ड-पॉइंट्स के साथ आता है, जो हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के अलावा सेंसर और लेजर-निर्देशित बम ले जाने में सक्षम है, जिसमें अधिकतम दो टन का पेलोड है। हथियारबंद ड्रोन से भारतीय सेना उस तरह के मिशन को अंजाम दे सकती है, जिस तरह का ऑपरेशन नाटो बलों ने अफगानिस्तान में किया था।



- ड्रोन के रख-रखाव, मरम्मत और ओवरऑल के लिए देश में स्थापित होगा एमआरओ
- नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे

# रक्षा मंत्री ने तेलंगाना में नौसेना के वीएलएफ राडार स्टेशन की नींव रखी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में शांति और व्यवस्था बनाए रखना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत की समुद्री सीमाएं निर्धारित करने वाले देशों की ओर से भी समुद्री सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किये जाने चाहिए। भारत के इस प्रयास में सभी मित्र देशों का साथ जरूरी है, क्योंकि यदि एक भी देश छूटा तो समझिए हमारा सुरक्षा चक्र टूटा। भारत तोड़ने में नहीं, बल्कि सबको जोड़ने में विश्वास रखता है, इसलिए हम लोग हर तरीके से सभी मित्र पड़ोसी देशों को साथ लेने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने मंगलवार को तेलंगाना के विकाराबाद में नौसेना के वीएलएफ राडार स्टेशन की नींव रखने के बाद शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वीएलएफ स्टेशन के निर्माण से जुड़े सभी हितधारकों को और तेलंगाना सरकार के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को धन्यवाद देते हुए हुए कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के लिए यह स्टेशन सैन्य क्षमता का विस्तार करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह वीएलएफ स्टेशन चालू होने के बाद समुद्री बलों के लिए कई दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इस प्रकार का हाई-टेक बुनियादी ढांचा सिर्फ एक सैन्य प्रतिष्ठान में नहीं होता है, बल्कि ये अपनी रणनीतिक भूमिका जैसे राष्ट्रीय महत्व का सिद्धांत देता है।

- बंगाल की खाड़ी और आईओआर में शांति व्यवस्था बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता : राजनाथ



रक्षा मंत्री ने कहा कि साधारण या असाधारण परिस्थिति में किसी भी कमांड सेंटर से जुड़े सभी लोगों के बीच सूचनाओं का निर्बाध प्रवाह होना बहुत जरूरी है और इस प्रकार के संचार के लिए ये केंद्र बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। यह वीएलएफ स्टेशन समुद्री बलों के बीच संचार स्थापित करने की कड़ी में हमारा सबसे अहम प्रयास है। यह हमारे सशस्त्र बलों के कमांड सेंटरों के साथ समुद्र में हमारे जहाजों और पनडुब्बियों के बीच एक मजबूत और वास्तविक समय संचार विकसित करना चाहता है।

### उपराष्ट्रपति की मेघालय व असम की दो दिवसीय यात्रा

**नयी दिल्ली** : भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ 16-17 अक्टूबर को मेघालय और असम की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे । उपराष्ट्रपति इस यात्रा के दौरान शिलांग और गुवाहाटी दोनों जगहों के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में न्यू शिलांग के मावडियांगडियांग में मेघालय कौशल और नवाचार केंद्र की आधारशिला रखेंगे। उपराष्ट्रापति शिलांग में आईटी पार्क का भी दौरा करेंगे और राजभवन शिलांग में मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

## ट्रूडो और कनाडा के अधिकारी बार-बार दोहरा रहे निराधार आरोप

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी प्रलाप को लेकर कहा है कि वे बिना किसी सबूत और तथ्यों के अपने आरोप दोहरा रहे हैं। ऐसे आरोप पूरी तरह निराधार हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने ट्रूडो के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने सोमवार को अपनी पत्रकार वार्ता में अपनी पुरानी बातों और तर्कों को दोहराया। कनाडा के सभी अधिकारी एक ही दावा कर रहे हैं कि हमने विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं और यही बात कनाडा के प्रभारी उच्चायुक्त ने भी लगाए हैं। यह दावे सही नहीं हैं। सूत्रों ने कहा



कि कनाडा की पुलिस आरसीएमपी ने प्रेस वार्ता में कुछ व्यक्तियों के भारत से संबंध के बारे में दावे किए थे। किसी भी मामले में उनकी ओर कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गई। कनाडा के अधिकारी इस बात पर जोर देते हैं कि मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए लेकिन यह स्पष्ट नहीं करते कि किस मामले में किसे जवाबदेह बनाया जाए।

## हिमाचल में फ्लाइंग फेस्टिवल आज से

एजेंसी

**शिमला** : शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2024 के द्वितीय संस्करणका उद्घाटन बुधवार को जुन्गा में स्थित द ग्लाइड इन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। इसका आयोजन पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन शिमला, एमएसएमई मंत्रालय और राज्य का उद्योग विभाग संयुक्त से रूप से करेंगे। एक्सपो के आयोजक अरुण रावत ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाना है ताकि शिमला और इसके आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल की एक प्रमुख विशेषता स्पॉट लैंडिंग पैराग्लाइडिंग चैम्पियनशिप होगी, जिसमें भारत और विदेशों से 50 से अधिक पायलट भाग लेंगे। ये पायलट सोलो और टीम श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसके विजेताओं को पांच लाख रुपये के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। सोलो श्रेणी का प्रथम पुरस्कार 2.25 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि इस फेस्टिवल में 40 से अधिक प्रदर्शकों की एक प्रदर्शनी भी लगेगी, जिसमें लगभग 20 स्टार्टअप्स शामिल होंगे। इसके बाद, स्टार्टअप पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार 18 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की ओर से होमस्टे मालिकों और एडवेंचर व तीर्थयात्रा गाइडों के लिए योग्यता मानकों पर एक सम्मेलन और कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।



स्पॉट लैंडिंग पैराग्लाइडिंग चैम्पियनशिप में विदेशियों सहित 50 पायलट लेंगे भाग

### बंगाल की खाड़ी में समुद्री अभ्यास शुरू

**नयी दिल्ली** : क्वाड देशों के बीच विशाखापट्टनम तट पर चल रहे बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास मालाबार का बंदरगाह समाप्त हो गया है। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका की नौसेनाओं ने महत्वपूर्ण समुद्री जुड़ाव के रूप में हिस्सा लिया। अब मंगलवार से बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण शुरू हुआ है, जिसमें चारों नौसेनाओं के युद्धपोत, हेलीकॉप्टर और लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान एक साथ अभ्यास करके उच्च स्तर के सहयोग और परिचालन तालमेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास मालाबार के दूसरे और अंतिम समुद्री चरण में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका की नौसेनाएं बंगाल की खाड़ी में पहुंच गई हैं।

## 'भूल भुलैया-3' में नजर आयेंगी कियारा



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : कार्तिक आर्यन की भूल भूलैया-3' को लेकर उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है। इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होने के बाद से कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित 'भूल भुलैया-3' में क्या जादू करेंगी इस पर सबकी नजरें हैं। चूंकि मंजुलिका 'भूल भुलैया-3' में वापस आ रही हैं, इसमें कोई शक नहीं कि दर्शकों को एक हॉट स्टोरी लाइन देखने को मिलेगी। इसी तरह 'भूल भुलैया-3' में पिछले एपिसोड का एक किरदार दोबारा एंट्री करता नजर आएगा।

**'भूल भुलैया-3' में नजर आयेगा ये पुराना किरदार : कार्तिक** आर्यन ने मीडिया से बातचीत के दौरान अनजाने में एक नाम ले लिया। कार्तिक ने कहा, 'भूल भुलैया-3' के दो क्लाइमैक्स थे, जिसमें से हमें सिर्फ एक क्लाइमैक्स की स्क्रिप्ट दी गई थी। स्क्रिप्ट के आखिरी 15 पन्ने गायब थे। सिर्फ हम ही नहीं, बल्कि फिल्म के असिस्टेंट डायरेक्टर, प्रोडक्शन डिपार्टमेंट सभी हम उसी स्क्रिप्ट पर गए थे और हम कियारा के साथ शूटिंग कर रहे थे ये कहते हुए कार्तिक सोच में पड़ गए और उन्होंने तुरंत कियारा का नाम बदल दिया विद्या बालन का नाम लिया। हालांकि बाद में कार्तिक को 'भूल भुलैया-3' में अपनी स्पीच वापस मिल गई कियारा अडवाणी को भूल भुलैया 3 देखने की संभावना है। कियारा ने कार्तिक के साथ 'भूल भुलैया-2' में काम किया था।

**'भूल भूलैया-3' की रिलीज डेट :** 'भूल भुलैया-3' दिवाली के मौके पर 1 नवंबर को हर जगह रिलीज होगी। यह फिल्म रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' से क्लैश होगी, जो 2007 में आई भूल भुलैया की यह तीसरा पार्ट है। पहले पार्ट में अक्षय कुमार ने सबका दिल जीत लिया था।



मास्को में बर्फबारी के दौरान छाते लेकर जाते हुए लोग।

## आपदा भी न रोक सकी आस्था की डगर पर श्रद्धालुओं के पांव

एजेंसी

**देहरादून** : हरी-भरी वादियां, ऊंचे-ऊंचे पहाड़, सीढ़ीनुमा-घुमावदार सड़कें, हिमालय व हिल स्टेशन समेत देवभूमि का प्राकृतिक सौंदर्य इन दिनों पर्यटकों को खूब लुभा रहा है। मई से शुरू हुई राज्य की चारधाम यात्रा इस वर्ष अब तक तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 40 लाख पार कर चुका है। राज्य में अब तक चार लाख 80 हजार 788 वाहन भी चारधाम पहुंच चुके हैं। अभी भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्री चारधाम यात्रा पर देवभूमि पहुंच रहे हैं।

दरअसल, इस वर्ष की चारधाम यात्रा अब अंतिम चरण में है। आने वाले दिनों में सभी धाम छह माह के लिए बंद हो जाएंगे। ऐसे में हरिद्वार से लेकर उच्च हिमालय तक आस्था पथ गुलजार है। चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी की लाइफलाइन है। चारधाम यात्रा से हजारों परिवारों को काफी आस होती है। उत्तराखंड समेत आसपास के राज्यों के अलावा नेपाल के नागरिक भी चारधाम यात्रा के सहारे गुजर-बसर करने देवभूमि आते हैं। इस वर्ष 31 जुलाई की आपदा भी आस्था की डगर पर श्रद्धालुओं के पांव रोक नहीं पाई। इस वर्ष अब तक 40 लाख 92 हजार 360 तीर्थयात्री सुरक्षित धार्मिक यात्रा कर चारों धामों में शीश नवा चुके हैं। इस दौरान सबसे अधिक यात्री केदारनाथधाम में मंगलवार तक 13 लाख 67 हजार 567 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं।



- हरिद्वार से लेकर उच्च हिमालय तक आस्था पथ गुलजार
- देश-दुनिया को लुभा रहा देवभूमि का प्राकृतिक सौंदर्य
- चारधाम यात्रा से जुड़ी है उत्तराखंड की आर्थिकी
- अब तक 40 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुंचे चारधाम

## फिर जीतेगा विकास, फिर जीतेगा विश्वास : डॉ. प्रेम कुमार

एजेंसी

**पटना** : चुनाव आयोग द्वारा झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव की तिथि की घोषणा के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और महाराष्ट्र की एनडीए सरकार द्वारा महाराष्ट्र में किये गये विकास कार्य एवं केन्द्र द्वारा झारखंड में विकास कार्य की लगायी गयी झड़ी के कारण दोनों स्थानों की जनता फिर से मोदी जी के विकास और मोदी जी के विश्वास पर मुहर



लगायेगी। दोनों राज्यों में फिर भाजपा नीत एनडीए की सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि विपक्ष का होगा फिर से सुपड़ा साफ। जनता ऐसे टुकड़े-टुकड़े गैंग को नहीं करेगी माफ। बहुत हो चुका है भ्रष्टाचार, नहीं चाहिए ऐसी विपक्षी सरकार।

# अयोध्या में 2 नवंबर से 57 दिवसीय विश्व शांति महायज्ञ का होगा भव्य आयोजन

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में 2 नवंबर से श्री महानारायण दिव्य रुद्र सहित शत सहस्त्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कलयुग में पहली बार और संभवत पूरे विश्व का अब तक का सबसे बड़ा महायज्ञ होगा। 2 नवंबर से 28 दिसंबर तक चलने वाला 57 दिवसीय यह महायज्ञ श्री कांची कामाक्षी अम्मा की प्रेरणा से हो रहा है, जो सनातन धर्म के प्रचार, विश्व शांति और वैश्विक कल्याण के लिए समर्पित है।

राजधानी नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के डिप्टी स्पीकर हॉल में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती और चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में श्री महानारायण दिव्य रुद्र सहित शत सहस्त्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि इस महायज्ञ का आयोजन श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, श्री कांची कामकोटि पीठ और चिन्मयी सेवा ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह महायज्ञ न केवल भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर सनातन धर्म की पुनर्स्थापना और प्रचार तथा वैश्विक शांति की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि कलयुग में इस प्रकार का यज्ञ पहली बार हो रहा है, जो संभवत पूरे विश्व का अब तक का यह सबसे बड़ा महायज्ञ है।

वेदाचार्य डीएसएन मूर्ति ने 57 दिवसीय इस महायज्ञ की विशेषता बताते हुए कहा कि यह श्री कांची कामाक्षी अम्मा की प्रेरणा से आयोजित हो रहा है, जो कि सनातन धर्म के प्रचार, विश्व शांति और वैश्विक कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि यह महायज्ञ 2 नवंबर से 28 दिसंबर तक चलेगा। इस महायज्ञ की विशेषता को उन्होंने विस्तारपूर्व बताया जो इस प्रकार है। प्रतिदिन 100 से अधिक भक्त और विशिष्ट व्यक्ति इस आयोजन में भाग लेंगे, जिससे अयोध्या वैश्विक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र बनेगी वहीं बड़ी संख्या में देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोग भी इस महायज्ञ में शामिल होंगे। यह महायज्ञ कांची और अयोध्या के बीच गहरे आध्यात्मिक संबंध को उजागर करता है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार, राजा दशरथ ने कांची में माता कामाक्षी की पूजा की और उनके आशीर्वाद से पुत्र कामेष्टि यज्ञ किया, जिसके फलस्वरूप भगवान श्री राम का जन्म हुआ।




- सबसे बड़ा श्री महानारायण दिव्य रुद्र सहित शत सहस्त्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ

### 57 दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ का उद्देश्य

इस महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के शाश्वत सिद्धांतों को पुनर्जीवित करना, विश्व शांति को बढ़ावा देना और सामूहिक कल्याण के लिए वैदिक अनुष्ठानों के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना है। यह आयोजन प्राचीन वैदिक परंपराओं के आधार पर होगा, जिसमें भक्तों और आध्यात्मिक साधकों को भारत एवं विश्वभर में सामूहिक कल्याण में अपना योगदान देने का अनुपम अवसर मिलेगा।

### महायज्ञ की विशेषताएं और आयोजन की व्यापकता

इस महायज्ञ में देशभर से 850 विद्वान पुरोहित प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार और वैदिक रीति से अनुष्ठान करेंगे, जिससे अयोध्या नगरी में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। इस महायज्ञ का आयोजन स्थल कारसेवकपुरम में एक विशेष नगर का निर्माण किया जा रहा है, जहां महायज्ञ के आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाएं होंगी।